## एक नजर

### नाबालिग से मारपीट, 5 पकड़ाए



**भिलाई, 3 दिसंबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र एक नाबालिग के साथ बेस बल्ले से मारपीट करने के बाद आरोपियों ने विडियो बनाकर इस्टाग्राम में वायरल किया गया था। इस मामले में तीन युवक और दो नाबालिग को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है वैशाली नगर प्रभारी अमीत अंदानी ने बताया कि गर्लफ्रेंड से बात करने को लेकर अपचारी बालक ने अपने दोस्त सुभाष चौक कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह, कैम्प 1 डिगेन्द्र साहू, घासीदास नगर जामुल आसिफ शेख और दो अपचारी बालको के साथ मिलकर बेस बल्ले से पिटाई कर दी। घटना में पीड़ित नाबालिग के सिर पर गंभीर चोट आई है। आरोपियों ने घटना को अंजाम देकर वीडियों को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस में शिकायत के बाद वैशाली नगर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों युवकों और दो अपचारी बालको को गिरफ्तार कर उनके पास से चाकू, हाकी, बेसबाल, दो मोबाइल जब्त किया है।

### युवक पर हथियार से हमला

**भिलाई, 3 दिसंबर।** भिलाई सुपेला थाना अतंर्गत एक युवक पर हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। प्रकरण में पुलिस ने धारा 118 (1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि धनवंतरी स्कूल के पास कृष्णानगर सुपेला निवासी धीरज साव ने शिकायत दर्ज कराई कि वह सब्जी बेचने का काम करता है अपने मोहल्ले के मिनीमाता चौक के पास अपने दोस्त अभिषेक के साथ खड़ा था। उसी समय खत्तर सिंह उर्फ बन्नी सरदार आया और दोनों को आग अलाव जलाने के लिए कहने लगा इस पर उसने आग जलाने से इंकार कर दिया इसी बात को लेकर आरोपी खत्तर सिंह हाथ-मुक्का और कड़ा से मारपीट की और उसके दोस्त अभिषेक पर धारदार वस्तु से हमला कर दिया।

### कफ सिरफ बेचते हुए दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 दिसंबर।** भिलाई अवैध रूप से कुम्हारी क्षेत्र में नशीली कफ सिरफ बेचते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कया है आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में कफसिरप जब्त किया है कुम्हारी टीआई जनक राम कुर्रे ने बताया मुखबीर से सूचना मिली कि दो युवक नशीली कफसिरफबड़ी मात्रा में रखकर कुम्हारी क्षेत्र के जंजगीरी के खाली प्लॉट के पास बिक्री करने के फिराक में हैं दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा जो अपना नाम संदीप सिंह 32 वर्ष निवासी दादर रोड शिव मंदिर के पास चरोदा और सोहेल खान 28 वर्ष निवासी भिलाई.03ए नूतन चौक गतवा तालाब के पास रहने वाला बताया उनके कब्जे से रिलेक्स ड्राई कफ फार्मूला सिरफ का बाटल 35 नगए ब्लूरेक्स कफ सिरफका बाटल 11 नग एव रिलेक्स कफसिरफका बाटल 17 नग कुल 63 नग सिरफबाटल तथा एक बाइक बजाज प्लसर बरामद किया है।

### छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 3 दिसंबर।** भिलाई घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पाटन टीआई ने अनिल साहू ने बताया कि घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले ग्राम धुमा पाटन निवासी उमेश ठाकुर को गिरफ्तार किया है आरोपी ने घर में अकेली रह रही महिला के साथ छेड़खानी कर रहा था चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

### रावघाट परियोजना से जुड़े गांव के नागरिकों के द्वितीय दल ने किया संयंत्र भ्रमण



**भिलाई, 3 दिसंबर।** रावघाट परियोजना के तहत अपने सीएसआर गतिविधी के अंतर्गत प्रभावित गांवों को गोद लेकर, भिलाई इस्पात संयंत्र ने शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया है। इसी क्रम में रावघाट परियोजना के प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने और बफर विलेज़ेस के वनांचल वासियों को औद्योकीकरण की झलक दिखाने 2 दिसम्बर बीएसपी ने प्रभावित क्षेत्रों के 20 नागरिकों के द्वितीय दल को संयंत्र का भ्रमण कराया, जहां उन्हें इस्पात निर्माण की प्रक्रिया और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान रावघाट के मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार और माइंस के अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों ने इन नागरिकों से मुलाकात की और उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

### रिसाली सम्मेलन का संचालन करने दो पार्षद अधिकृत

**रिसाली।** नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर ने अपनी अनुपस्थिति में सम्मेलन का संचालन करने दो पार्षदों को अधिकृत किया है। अधिकृत पार्षदों में वार्ड 36 के रोहित धनकर और वार्ड 40 की रंजीता बेनुआ है। निगम द्वारा कराए जाने सम्मेलन अथवा समान्य सभा में अपरिहार्य कारणों से सभापति के अनुपस्थित होने पर दोनो पार्षद क्रमशः सभापति के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# जिला चिकित्सालय के सभागृह में विश्व एड्स दिवस पर क्विज प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 दिसंबर।** जिला चिकित्सालय कबीरधाम के सभागृह में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, डॉ. सलिल मिश्रा, अनुपमा तिवारी (डीपीएम), बालाराम साहू (रेडक्रॉस समन्वयक) और अल्का दुबे (मितानिन समन्वयक) उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने कहा कि एड्स के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयास ही सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्टर के माध्यम से एड्स और उससे बचाव के उपायों की जानकारी देने से हुई। इसके बाद ग्रेसियर नर्सिंग कॉलेज के छात्रों और मितानिनों के बीच क्विज प्रतियोगिता कराई गई। प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित किया गया, संचालन कल्पना ठाकुर एवं अभिलाषा गुप्ता (आईसीटीसी काउंसलर) ने किया। प्रथम स्थान पर रसभरी ग्रुप (पूजा, ताकेश्वरी, भगवती और प्रतिमा रही। द्वितीय जलेबी ग्रुप (भारती, याषिका, टीना, मंदाकिनी) और तीसरे स्थान पर चमचम ग्रुप (हेमा, मानकुंवर, नीलम, सरिता) रही। विजेताओं को सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज ने मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अन्य प्रतिभागी समूहों को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डीपीएम अनुपमा तिवारी ने गर्भावस्था के दौरान एचआईवी जांच को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि सभी को मिलकर एड्स के खिलाफ लड़ाई में योगदान देना चाहिए। वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. सलिल मिश्रा ने बताया कि इस साल विश्व एड्स दिवस का थीम है सही मार्ग अपनाएं- मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार, जो एचआईवी महामारी के खिलाफ सही निर्णय लेने के महत्व को रेखांकित करता है। कार्यक्रम में भवानी सिंह, उज्जैन साहू, नरेश साहू, नीलेश टांडेकर, मोहन साहू, अश्वनी श्रीवास्तव सहित चिकित्सक, हेल्थ स्टाफ, मितानिन और नर्सिंग कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।



## फलेंद्र सिंह राजपूत ने पदभार ग्रहण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 दिसंबर।** सेवा सहकारी समिति मचांदुर पंजीयन क्रमांक 3317 में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी फलेंद्र सिंह राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन समिति मचांदुर सोसायटी प्रांगण में किया गया। पदभार ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष उतई फत्तेलाल वर्मा,विशिष्ट अतिथि मचांदुर सरपंच दिलीप साहू,उपसरपंच गजेंद्र कुमार साहू,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,भाजयुमों महामंत्री करण सेन,भाजयुमों महामंत्री डिलेश साहू,भाजयुमों उपाध्यक्ष शुभम वर्मा,सहित अन्य अतिथि शामिल हुवे। मुख्य अतिथि फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि भाजपा ने चुनाव पूर्व जो घोषणा किए थे उसी मंशास्वरूप धान की खरीदी की जा रही है। राज्य की भाजपा सरकार किसानों की हितैषी सरकार है नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी को बधाई देते हुए सहकारिता के मूल उद्देश्य सब मिलजुलकर कार्य करने एक आदर्श सोसायटी के रूप में कार्य किए जाने की बात कही।

# बैगा महिलाओं ने रंगोली बनाकर नशामुक्ति का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) बैगा महिलाओं ने अपनी कला के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान में अद्वितीय योगदान देकर सबका ध्यान आकर्षित किया है। इन महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता और सामाजिक चेतना के बल पर यह साबित कर दिया कि बदलाव के लिए केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति और समर्पण भी महत्वपूर्ण हैं।

जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर, विकासखंड बोड़ला के सुदूर और दुर्गम वनांचल ग्राम तरेगांव जंगल के इंद्रीपानी गांव की इन महिलाओं ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उनकी रंगोलियों ने न केवल ग्रामीणों को, बल्कि समाज के हर वर्ग को नशा मुक्ति का प्रेरणादायक संदेश दिया।इन बैगा महिलाओं ने अपने रंगों और रचनाओं से नशे की बुराइयों को उजागर करते हुए स्वस्थ और सकारात्मक समाज निर्माण का आह्वान किया। उनकी कलाकृतियां यह संदेश देती हैं कि सीमित साधनों के बावजूद इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प के जरिए बड़ा बदलाव संभव है।महिलाओं ने अपनी रंगोलियों के माध्यम से यह दिखाया कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता लाने और कुरीतियों को समाप्त करने का सशक्त उपकरण भी है। उनका यह प्रयास एक उदाहरण है कि समाज के प्रति समर्पण और जागरूकता के साथ वे प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। इंद्रीपानी की बैगा महिलाओं की यह पहल न केवल नशे के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी है, बल्कि यह भी दिखाती है कि आदिवासी समाज अपनी परंपराओं और मेहनत से बड़े सामाजिक मुद्दों पर गहरी छाप छोड़ सकता है।



### गीला-सूखा कचरा एक में देने वालों से वसूला गया अर्थ दंड

**भिलाई, 3 दिसंबर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चल रहा है। डोर-टू-डोर जाकर सफाई मित्र द्वारा घर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित किया जा रहा है। घर-घर जाकर समझाने के बाद भी बहुत से ऐसे परिवार के लोग हैं जो गीला कचरा सूखा कचरा एक में मिलाकर दे रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि आदत डालने के लिए ऐसे परिवार के सदस्य जो गीला कचरा सूखा कचरा कचरा एक में मिलाकर देते हैं। उन सभी से अर्थदंड वसूला जाए, थोड़ा-थोड़ा करके। ऐसे 30 लोगों से नगर निगम भिलाई के कर्मचारियों द्वारा रु 600 चालानी कार्रवाई की गई।

## बाक्सिंग खिलाड़ियों की समस्याओं का आयुक्त ने तत्काल निराकरण कराया



भिलाई, 3 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जवाहर नगर स्पोटर्स काम्प्लेक्श में अंतरराज्यीय बाक्सिंग चैपिंयनशिप की स्पर्धा चल रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान स्पोर्टस काम्प्लेक्श में पहुंचकर आयोजक मण्डल कोच एवं खिलाड़ियो से संपर्क किया। वहां पर हो रही प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से मिलकर जानकारी प्राप्त किये। आयोजक मंडल के प्रतिनिधि बाक्सर सुरेश द्वारा बताया गया कि अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ से बाक्सिंग के प्रतिभागी आये हुए हैं। अपने-अपने वेट के हिसाब से प्रतियोगिता में भाग लेगें। अपने राउण्ड से विजेता प्रतियोगी अंतिम राउण्ड में पहुचेगे। वहां पर फाईनल मैच होगा, अंत में उन्हे गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर के विजेता खिलाड़ी नेशनल खेलने रायबरेली उत्तरप्रदेश जायेगे। स्पोर्टस काम्प्लेक्श में लगभग 150 से अधिक बाक्सिंग खिलाड़ी आए हुए है। जिसमें से महिला/पुरूष दोनो वर्ग के खिलाड़ी है। वहां के आयोजक आर राजेन्द्रन, सचिव सीएम ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश द्वारा आयुक्त से मांग किया गया कि पानी का मोटर खराब हो गया है। अतिरिक्त शौचालय की भी आवश्यकता है और रात में लाईट कम होने से खिलाड़ियो को तकलीफ हो रही है। यह सुनकर आयुक्त ने जोन आयुक्त येशा लहरे से बात कर खिलाड़ियो के लिए चलित शौचालय, पानी के लिए बोर में नया मोटर, हाइलोजन लाईट एवं सफाई का व्यवस्था का तत्काल निराकरण करवाया। इसके लिए आयोजक मंडल द्वारा खुशी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने 11 करोड़ की लागत से बन रहे सड़क निर्माण की प्रगति का जायजा लिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 दिसंबर।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कवर्धा शहर के बहुप्रतिक्षित ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड (जुनवानी चौक) तक 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। 4.20 किलोमीटर लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा हो और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य की नियमित निगरानी और मॉनिटरिंग की जाए ताकि किसी भी समस्या का तत्काल समाधान हो सके।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, एसडीएम श अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर श्री आरबी देवांगन, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता एल पी परघनिया, सीएमओ रोहित साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।सड़क के निर्माण से हाईटेक बस स्टैंड तक पहुंचने वाले यात्री, स्कूली छात्र, व्यापारी और अन्य वर्गों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यह मार्ग कवर्धा शहर के यातायात तंत्र का एक मजबूत हिस्सा बनेगा, जिससे दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जुड़ने वाले मार्ग और भी प्रभावी बनेंगे। शासन के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एल पी परगनिहा के मार्गदर्शन में गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण जारी है जिससे कवर्धा के नागरिक खुश है जिसकी चर्चा लोगों के बीच होती हुई दिखी ।

## बच्चों ने सुंदर रंगोली बनाकर अहम संदेश दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 दिसंबर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई -पुरई - डुंडरा के तत्वाधान में राष्ट्रीय भारतीय हाई स्कूल डुंडेरा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने बहुत ही खूबसूरत एवं मनमोहक रंगोली बनाकर स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश देते हुए अपने भावनाओं को प्रकट किए। रंगोली प्रतियोगिता के अवसर पर खुमान सिंह यादव लोक कलाकार, खिलेंद्र चंद्राकर पार्षद नगर पालिक निगम रिसाली, रोमशंकर यादव, दुर्गेश साहू छाया पार्षद, के आर साहू संरक्षक और ए आर वर्मा वरिष्ठ शिक्षक तथा निजी स्कूलों के संचालक डी एल सिन्हा, बी आर मौर्या, श्रीमती राजेश्वरी साहू, अली राम साहू, विशाल क्षेत्रीय, दुर्गेश साहू, प्राचार्य के आर सिन्हा एवं शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं पालक गण उपस्थित थे। इस अवसर पर खुमान यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में छुपी हर प्रकार के ज्ञान एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं बहुत ही सराहनीय है 7 अतिथियों द्वारा दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह ,उतई में संपन्न गायन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये। इस अवसर पर राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।



कक्षा दूसरी की छात्रा कु रिया हरपाल ने अपने नृत्य से सब का मन मोह लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से कु. जैष्णवी साहू राष्ट्रीय भारती डुंडेरा प्रथम ,कु.वैशाली पारकर दीपशिखा विद्यालय द्वितीय ,कु.गीतिका बर्मन नवमंगल स्कूल पुरई,कु. रूचिका राव द्रोणाचार्य स्कूल उतई,कु. कुमकुम देवांगन नवमंगल स्कूल धनोरा, कु. गुंजन साहू कुसुम देवी स्कूल डुंडेरा,कु. काव्या साहू शांति विद्या निकेतन डुंडेरा तृतीय रहे ।माध्यमिक विभाग से कु. के निशा द्रोणाचार्य विद्यालय उतई प्रथम ,कु.वाणी साहू राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय द्वितीय,कु. शैल चक्रधारी दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह ,मीशुभ साहू महर्षि विद्या मंदिर, कु. दीक्षा भारती महर्षि विद्या मंदिर ,कु. धात्री यादव नव मंगल धनोरा, कु ढालेश्वरी कुसुम देवी डुंडेरा, कु तोशिका साहू शांति विद्या निकेतन तृतीय रहे ।हाई स्कूल विभाग से कु लीशा कंवर राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय प्रथम,कु प्राची साहू दीपशिखा विद्यालय द्वितीय, तुलजा यादव राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय ,याचना राजपूत नवमंगल पुरई ,नियति साहू दीपशिखा विद्यालय तृतीय रहे तथा हायर सेकेंडरी से कु हर्षिता बारले प्रथम दीपशिखा विद्यालय कु प्राची साहू द्वितीय, कु पुष्पांजलि साहू एवं अलीशा साहू दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह उतई तृतीय रहे। सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## बीएसपी के विद्युत संगठन में राजभाषा कार्यशाला आयोजित



भिलाई, 3 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वेलफेयर बिल्डिंग क्रमांक-1 में स्थित विद्युत संगठन के सभागार में विगत दिनों राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन विभाग प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्णकुमार के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक गण सुश्री एस लक्ष्मी, ए के डे, मानस रंजन रथ, आर आर ठाकुर, उप महाप्रबंधक अनुरोध दाढ़े, सहायक महाप्रबंधक एस के दास, उप प्रबंधक सुश्री अभिलाषा पेठे, कनिष्ठ प्रबंधक चुनेश्वर कुमार नायक, कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार कौशल, चन्द्र शेखर साहू, सुश्री आशा गोखले, गुलाब चंद महेश्वर, जेईए मिथिलेश कुमार साहू, चार्जमेन पी के होता, टेक्निकल असिस्टेंट नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने की बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा



**भिलाई, 3 दिसंबर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति की आवश्यक बैठक सेक्टर -9 में आयोजित की गई, जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और संत चिन्मय कृष्णादास की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी पर आक्रोश जताया गया। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि समिति 3 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे दुर्ग के राजेंद्र पार्क चौक पर सर्व समाज द्वारा आयोजित हिंदू आक्रोश रैली और धरना प्रदर्शन में शामिल होगी। जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्णदास जी की गिरफ्तारी और उनके साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का विरोध किया जाएगा। पाण्डेय ने सभी राम भक्तों से अपील की है कि वे इस आयोजन में अधिकतम संख्या में शामिल हों और अपनी उपस्थिति से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के प्रति अपना समर्थन दिखाएं। बैठक में समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, जिला अध्यक्ष मदन सेन, जोगिंदर शर्मा, महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती शीला बाघमारे, महामंत्री श्रीमती मेघा कौर, श्रीमती उपासना साहू, मेवालाल यादव, पार्षद श्रीमती शकुंतला साहू, राजकुमार साव, रूपेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### व्यक्ति को उसके कार्यों के लिए ही याद किया जाता है : चंद्राकर

**रिसाली।** व्यक्ति के कार्यों से उन्हें याद रखा जाता है। सम्मान हमेशा उनके द्वारा किए गए कार्यो के लिए किया जाता है। उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर ने रिसाली निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय वर्मा के सेवा निवृत्त होने पर आयोजित समारोह में कही। उन्हें विदाई देने अधिकारी और कर्मचारी निगम के सभागार में उपस्थित थे। विदाई समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति केशव बंछोर ने की। उन्होंने कहा कि प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने पूरे कार्यकाल में आम लोगों की मदद की है। उन्होंने कभी यह नहीं देखा कि कार्यालय आने वाले किस वर्ग से है। यही वजह है कि कार्यकाल समाप्त होने पर पूरा कार्यालय यहां उपस्थित है। विदाई समारोह में एमआईसी सनीर साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, मनीष यादव, विलास राव बोरकर, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सरकारी जमीन में हेराफेरी,ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय में दिया धरना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 3 दिसंबर।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला विकासखंड के ग्राम कंगलुटोला के सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण आज दोपहर साढ़े 12 बजे दाना पानी लेकर तहसील कार्यालय मे धावा बोलते हुए कार्यालय का घेराव किया और राजस्व विभाग के खिलाफ तल्ख नारे बाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम की महिला कोटवार के परिवार के द्वारा पूर्व में प्राप्त गांव के कोटवारी सेवा भूमि को बेचकर रजिस्ट्री करा लिए हैं और अब ग्राम में स्थित 10 एकड़ सरकारी निस्तारी की भूमि पर कब्जा कर ग्राम वासियों के बिना सहमति के फर्जी तौर पर पर्चा पट्टा



बनवा लिया है। ग्रामीणों ने कोटवार द्वारा किए गए कब्जा और भूमि स्वामी बनाने को राजस्व विभाग मोहला के पटवारी तहसीलदार की मिली भगत का आरोप लगाया है।ग्रामीणों ने बताया कि मामले को लेकर पूर्व में राजस्व पखवाड़ा, कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किया गया था जिसके उपरान्त भी प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई इसके बाद कंगलुटोला के महिला पुरुष युवक ग्रामीण लामबंद होते हुए राजस्व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए घंटो तहसील ऑफिस को घेरे रखा।मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

घंटो प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार दिनेश साहू मोहला के द्वारा आश्वाशन के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और कहा की अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे हम बड़ा आंदोलन करेंगे।

लिया गया संज्ञान- तहसीलदार,मोहला दिनेश साहू ने मीडिया को बताया कि इस मामले में पूर्व में ही न्यायालय तहसीलदार मोहला में 25 नवंबर को मामला दर्ज किया जा चुका है। जल्द ही मामले को निपटा दिया जाएगा।

दाना पानी लेकर पहुंचे ऑफिस-गांव की निस्तारी भूमि 10 एकड़ को कोटवार के कब्जे से छुड़वाने लगातार आवेदन देकर थक चुके गांव के महिला पुरुष ग्रामीण आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए दिन-रात रुकने के हिसाब से राशन ,पानी, दरी , गरम कपड़ा लेकर तहसील ऑफिस में दाखिल हुए और घंटो प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का फरमान कर देंगे चुनाव बहिष्कार-ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दिया है कि अगर उनकी मांग पर गंभीरता के साथ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोग पंचायत चुनाव का बहिष्कार करते हुए मोहला तहसील ऑफिस में फिर से धावा बोलते हुए अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

## एक नजर

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 दिसम्बर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 4 दिसम्बर को महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंज पारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में, 5 दिसम्बर को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेन्ड्री स्कूल में, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेन्ड्री में व रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में एवं 6 दिसम्बर को गुरू गोविन्द सिंह वार्ड नं. 24 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 25 के लिये पुत्री शाला में व रानी सूर्यमुखी देवी वार्ड नं. 26 के लिये सत्यनारायण धर्मशाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर आयोजित किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अक्टूबर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### महिला संबंधित प्रकरण में थाना घुमका पुलिस की त्वरित कार्रवाई



**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपी के द्वारा नाबालिग प्रार्थीया/पीडिता को लगातार परेशान करता था जो दिनांक 06.05.24 को सुबह करीबन 09:30 बजे गुलशन वर्मा पिता रोहित वर्मा निवासी बरबसपुर प्रार्थीया के घर चला गया जहां उसके माता पिता काम पर गये थे घर पर कोई नहीं था तब गुलशन के द्वारा नाबालिग प्रार्थीया को गंदा काम करने के लिए प्रेरित करने लगा तब मना करने पर भी नहीं मान रहा था गुलशन वर्मा जबरदस्ती प्रार्थीया के हाथ बांह व सीना को पकड़ा था । उसके बाद भी आरोपी गुलशन लगातार उसको को मानसिक तनाव देता था व कालेज आने पर क्लास में बैठने नही देता था और कालेज से बाहर में निकलने के लिए मजबूर करता था । लगातार आरोपी गुलशन वर्मा के द्वारा अलग अलग नंबरों से मेरे मोबाईल नंबर 9691439801 में संपर्क कर प्रार्थीया को परेशान करता है कि लिखित आवेदन पत्र पर आरोपी के विरूद्ध थाना घुमका के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण महिला संबंधित होने से उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के निर्देशन में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत कुमार बघेल के नेतृत्व में तत्काल घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी को ग्राम बरबसपुर से आज दिनांक 02/12/2024 को गिरफतार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया है ।

### नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटक से किया एड्स के प्रति जागरूक

**धमतरी 3 दिसंबर।** जिले में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत आज जिला चिकित्सालय धमतरी के ओपीडी प्रतिक्षा हॉल में उपस्थित मरीजों एवं परिजनो के मध्य रिलायंस नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा ÷अपने अधिकारो को समझिए और सही रास्ता चुनिए÷ थीम पर नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सिविल सर्जन के द्वारा नर्सिंग विद्यार्थियों को कार्य के समय रखी जाने वाली सावधानी एवं सुरक्षा नियमों को बताया गया। काउंसलर के द्वारा एच आई वी/एड्स पीड़ितो से किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने, सम्मानजनक व्यवहार करने एवं समानता का अधिकार के विषय में बारिकी से जानकारी दी गई।

# बारदाने की मांग को लेकर किसान सड़क पर बैठे, दो घंटे स्टेट हाईवे जाम रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 3 दिसंबर।** धान खरीदी केंद्र कौड़ीकसा मे पर्याप्त बारदाना की मांग को लेकर आज सुबह 10 बजे से अन्नदाताओं ने सड़क पर शासन के खिलाफ लामबंद होते हुए संग्राम छेड़ दिया अपने धान को बेचने सहकारी समिति में हो रहे अवस्था और बारदाना की कमी को लेकर क्षेत्र के सैकड़ो किसान राजनांदगांव चंद्रपुर हाईवे में 2 घंटे तक चक्का जाम कर दिया। मुख्यमार्ग में चक्काजाम होने से आवागमन अवरुद्ध होते हुए मोहला और अंबागढ़ चौकी की ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। उल्लेखनीय की धान खरीदी की शुरुआत से ही धान उपार्जन केंद्र कौडीकसा मे किसानों को अपनी साल भर की कमाई समर्थन मूल्य में धान बेचने मुश्किलों के साथ पसीना बहाने के साथ साथ अतिरिक्त आर्थिक भोझ उठाना पड़ रहा है। धान बेचने के लिए लगातार तकलीफ झेल रहे कौड़ीकसा क्षेत्र के किसानों का आज सब्र टूट गया और एक राय होते हुए किसानों ने धान उपार्जन केंद्र के सामने हाईवे जाम कर दिया , चक्का जाम की खबर पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद होकर किसानों



को मनाने में लगे रहे 2 घंटे के तनातनी के बाद समिति प्रबंधक के लिखित आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम आंदोलन को समाप्त किया।व्यापारी बेच रहे हैं मनमाने दर पर बोरा-समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच रहे मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के किसानों को तकलीफों के दौर से गुजरना पड़ रहा है सरकार के 50-50 के आंकड़ों मे किसान उलझ गए हैं इधर व्यापारी इस समय का पूरा फायदा उठा रहे हैं और मनमाने दर पर बारदाना किसानों को बेची जा रही है जिसके लिए प्रशासनिक तौर पर किसी तरह का अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

मिलर्स से नहीं मिल पा रहा है पुराना बारदाना-राइस मिलर्स और सरकार के बीच चल रहे तनातनी के बीच मिलिंग बंद कर दिए जिसके कारण पुराना बारदाना धान उपार्जन केंद्र को प्राप्त नहीं हो रहा है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है बताया गया कि राजनांदगांव सहित प्रदेश के अन्य जिलो में राइस मिल संचालक पुराना बारदाना वापस कर रहे हैं परंतु मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में इसकी शुरुआत नहीं हो पाई है। अन्नदाता को उठाना पड़ रहा है जिल्लत-मोहला मानपुर विधायक इंद्र शाह मंडावी ने मिडिया से विशेष बातचीत के दौरान कहा कि जिले के अन्नदाताओं को भाजपा सरकार के नाकामी के चलते जिल्लत उठाना पड़ रहा है अब किसानो को अपनी साल भर की कमाई बेचने के लिए लूट का शिकार होना पड़ रहा है।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस अब भाजपा के मुकाबले की पार्टी नहीं: रविन्द्र रामटेके

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** भाजपा आलाकमान के निर्देश पर इस जिले सहित समूचे छत्तीसगढ़ में महज 86 दिन में 60 लाख ऑनलाइन सदस्य बनाए गए जिससे विपक्ष कांग्रेस के पैरों तले की जमीन खिसक गई है। जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने यह बात कहते हुए कहा कि 6 सितंबर से 30 नवंबर तक चले इस महा अभियान में भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं ने जी जान से भीड़कर सदस्य बनाए इस सदस्यता मुहिम में बड़ी संख्या में लोग सवेस्फूर्त होकर



सदस्यता ग्रहण की उनमें बिलकुल नई जुड़ने वाले युवाओं का उत्साह बहुत ही ज्यादा था जो अपने अपने साथी सहेलियों को भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित करते रहे। श्री रामटेके ने आगे कहा कि 6 अप्रैल 1980 को मिथुन लग्न में स्थापित हुई भाजपा ने बहुत ही जल्दी अपनी सदस्य संख्या बढ़ते हुए विश्व स्तर पर अपनी और देश की साख को नहीं ऊंचाई दी और यह सब गांव से लेकर शहर स्तर तक के नेताओं कार्यकर्ताओं के बलबूते हुआ भाजपा ही एक ऐसी सियासी पार्टी है। जो विश्व में सबसे बड़ी संस्था के रूप में जानी पहचानी जाती है। इस संस्था के मेंबरशिप को सिर्फ ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने के उद्देश्य से पुरानी सभी के सदस्यता राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ निरस्त करके फिर से सदस्यता अभियान पूरे देश में चलाया गया इस मूहिम में छत्तीसगढ़ भाजपा का वर्चस्व पूरे देश में बढ़ चढ़कर है सिर्फ 86 दिन में 60 लाख सदस्य बनाना हंसी टिटौली का खेल नहीं है यह आंकड़ा देखकर समझ में आता है कि पार्टी का प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता अपने पार्टी के लिए कितने समर्पित हैं निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ भाजपा का यह रचनात्मक कार्य है पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा संगठन और सरकार को राष्ट्रीय भाजपा की प्रशंसा मिलना स्वाभाविक ही है। इतना अवश्य है कि निकटतम विपक्षी पार्टी कांग्रेस की कांग्रेस की चिंता इस बड़ी सफलता से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा का छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंह देव, सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और प्रत्येक नेता कार्यकर्ता आगामी नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सफलता के झंडे गाड़ने के लिए अभी से भीड़ जाएंगे।

### आज से कांग्रेस का धान खरीदी केंद्र चलो अभियान

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** जिले सहित प्रदेश भर में शान द्वारा समर्थन दर पर धान खरीदी व्यवस्था सेवा सहकारी समितियां और उनके उपार्जन केदो में शुरू से ही लड़खड़ाई हुई है। अधिकांश केंद्रों में अवस्था का आलम है। इसे विपक्ष कांग्रेस ने गंभीरता से लेते हुए किसाने की परेशानियां दूर करने के लिए शासन प्रशासन पर दबाव बनाने का निश्चय किया है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कार्य योजना के तहत 3 दिसंबर से धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत होगी। श्री साहू ने आगे कहा कि



सोसायटी धान खरीदी केन्द्रों में सतत् निगरानी हेतु खरीदी केन्द्रवार निगरानी समितियों का गठन कर लिये गए हैं और समिति के सदस्यगण सतत् निगरानी रखते हुए किसान भाईयों को आवश्यक सहयोग करगें। किन्तु प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसान भाईयों को प्रशासनिक अव्यवस्था से धान खरीदी में हो रही विभिन्न समस्याओं सहित चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वायदे अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी भी नही होने का मामला सामने आ रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा किसान भाईयों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए किसान भाईयों के हित में 03 दिसम्बर 2024 को धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत सभी जिलों में वरिष्ठ नेताओं को जवाबदारी दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी जिलेवार प्रभारी नेताओं से आवश्यक सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करेंगें। जिसमें सुविधानुसार नियुक्त प्रभारीगण क्षेत्र के अलग-अलग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। जिले के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं / कांग्रेसजनों को कार्यक्रम की विधिवत सूचना प्रदान करते हुए धान खरीदी केन्द्रों में गठित निगरानी समिति के सदस्यों सहित किसान भाईयों के साथ 03 दिसम्बर 2024 को खरीदी केन्द्र का भ्रमण करेंगें तथा उपस्थित किसान भाईयों से चर्चा कर व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल प्रशासनिक / जिम्मेदार अधिकारी को अवगत करावें ।

# आयुक्त विश्वकर्मा ने बाजार क्षेत्र में समुचित सफाई के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कल रात गोल बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान होटल व पान सेन्टर, दुकानदारो से अपने प्रतिष्ठान के आस पास विशेष सफाई रखने, कचरा डोर टू डोर कचरा गाडी में डालने तथा दुकान का समान सीमा अंदर रखने समझाईस दिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा रात्रि में सफाई व्यवस्था देखने निकले और सर्व प्रथम गोल बाजार क्षेत्र,



जूनीहटरी,फल मार्केट, गुड़ाखू लाईन में चल रहे रात्रिकालीन सफाई का जायजा लिये, जायजा लेकर संबंधित ठेकेदार को सफाई में और सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर का मध्य क्षेत्र होने के साथ साथ व्यवसायिक क्षेत्र है, जिसे ध्यान में रखते हुये सफाई का विशेष ध्यान रख जाये, नागरिकों एवं व्यापारियों से किसी प्रकार की शिकायत का मौका न आये, ऐसा कार्य किया जाये। इसके अलावा उन्होने व्यापारियों एवं नागरिकों से भी साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा रात्रिकालीन डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने समझाईस दी। उन्होने कहा कि सभी दुकानदार अपना समान दुकान की सीमा में रखे, सीमा से बाहर रखने पर यातायात प्रभावित होती है। उन्होंने फल विक्रेता, ठेला खोमचा वालो से भी कहा कि वे कचरा दुकान के समाने रोड में न डाले, अन्यथा अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा रोड, आम्बेडकर चौक, महामाया चौक एवं चौपाटी क्षेत्र में भी साफ सफाई का जायजा लिया और दुकानदार, ठेला खोमचा वालो से कचरा इधर उधर न फेकने, नाली में कचरा न डालने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने तथा कचरा निगम के कचरा गाडी में ही डालने समझाईस दिये। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने अन्यत्र कचरा फेकने पर जुर्माना लगाया जायेग और जप्ती की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि आम्बेडर चौक से महामाया चौक तथा चौपाटी क्षेत्र में डोर टू डोर रात्रिकालीन कचरा संग्रहण चालू किया जा रहा हैं, इसके लिये मुनादी भी करायी जा रही है। अतः कचरा इधर उधर न डालकर कचरा गाडी में ही डाले। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर जूट से बने थैले का उपयोग करने तथा अपने घर व उसके आस पास साफ सफाई रखने कचरा, डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डालने की अपील की है।

### ग्रामीण स्तर के महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण:कलेक्टर

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर के कार्य नागरिकों की जरूरत के आधार पर स्वीकृत किए जाते हैं और यह छोटे-छोटे महत्वपूर्ण कार्य होते है। ऐसे कार्यों में ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण स्तर के स्वीकृत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में प्रगतिरत कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को सजगतापूर्वक और गंभीरतापूर्वक कार्य करने कहा। उन्होंने स्वीकृत नये विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये विकास कार्यों का प्राक्कलन बनाने के पहले अधिकारी स्वयं स्थल का निरीक्षण जरूर करें, जिससे सही तरीके से एस्टीमेट बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों के अधिकारी नियमित फिल्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें, जिससे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी आएगी और गुणवत्ता बनी रहेगी। उन्होंने छोटे एवं पुराने विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ जल्दी मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई है, उसे उसी कार्य में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने 48 घण्टे के अंदर सुलझाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 3 दिसंबर।** 30 नवंबर को प्रार्थी थाना हाजिर आकर अपनी मां श्रीमति रूखमणी बाई साहू की किसी अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या करने की सूचना देने पर थाना डोंगरगांव में मर्ग कायम करने पश्चात अपराध क्रमांक 281/2024 धारा 103 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। उक्त घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों, एफ.एस.एल. टीम, डॉग स्कॉड एवं सायबर सेल को दिया गया। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु आसपास के सी.सी.टी.व्ही कैमरा खंघाला गया साथ ही मुखबीरों को



सक्रिय कर पतासाजी की गई। विवेचना के दौरान सी.सी.टी.व्ही. के आधार पर पता चला कि उस दौरान आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा और मृतिका श्रीमति रूखमणी बाई साहू दोनों बस स्टेण्ड के सौचालय के पास नल में पानी भरने आये थे। संदेह के आधार पर भुनेश्वरी विश्वकर्मा पति दिनेश विश्वकर्मा, उम्र-40 साल, पता-इंदिरा आवास डोंगरगांव, थाना डोंगरगांव को मनोविज्ञानिक रूप से गहन पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताई कि वे दोनो प्रतिदिन वहां पानी भरने आते थे इस दौरान पानी भरने के संबंध में अक्सर दोनों में विवाद होती रहती थी। जिससे आरोपिया अपने आप को मानसिंक रूप से प्रताड़ित होना महसूस करती थी, इसी बात को लेकर आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने के नियत से दिनांक 30.11.2024 को रात्रि करीबन 03:30 बजे मृतिका रूखमणी बाई के नल के पास आने से पहले ही पहूंच कर अपने हाथ मे पत्थर रख कर वार करने के लिये छुपकर खड़ी थी, रूखमणी बाई लगभग 04.00 बजे अपने चारो पानी के डिब्बा को लेकर नल के पास आयी तब मौका देख कर आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा अपने हाथ मे रखे पत्थर से रूखमणी बाई के सिर मे वार कर चोट पहुंचायी तब वह भागने लगी लेकिन भुनेश्वरी विश्वकर्मा पुनः उसे पकड़कर खींच कर नल के पीछे काम्प्लेक्स के पास घसीटकर ले गयी ।

# चिखली में कर्मा भवन का सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में महापौर ने किया लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** वार्ड विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 05 चिखली में पार्षद निधि अंतर्गत 05 लाख रूपये की लागत से कर्मा भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के जिला अध्यक्ष श्री भागवत साहू ने की तथा पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे के अलावा जिला महामंत्री श्री निलमणी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री मोतीलाल साहू, जिला कार्यालय प्रभारी श्री गजमोहन साहू एवं चिखली साहू समाज के अध्यक्ष श्री अशोक साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि साहू समाज की मांग पर चिखली में मेरे पार्षद निधि से कर्मा भवन का निर्माण किया गया। चिखली साहू समाज के द्वारा छोटे मोटे आयोजन अब इस भवन में किये जायेगे। उन्होंने कहा कि साहू समाज बहुत वृहद समाज है, आज साहू समाज के लोग उच्च शिक्षा प्राप्त कर चाहे राजनीति हो, चाहे शासकीय हो बडे बडे पद में आसीन है। साहू समाज के जिला इकाई द्वारा बडे बडे आयोजन किये जाते है, जिनमे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग तथा रक्त दान शिविर अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज के निम्न व्यक्ति के जीवन स्तर उपर उठाने के साथ साथ समाज के उन्नति के लिये एक जुट होकर कार्य करे, तभी समाज की सार्थकता होगी। जिला अध्यक्ष श्री भागवत साहू ने कहा कि मैं समाज की ओर से महापौर श्रीमती देशमुख का आभार व्यक्त करता हूॅ, कि उन्होंने चिखली समाज के लिये भवन का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि महापौर का समाज के काम में हरदम सहयोग मिलता है, हम सबको समाज हित में कार्य करना है, तभी हमारा समाज उन्नति करेगे। लोकार्पण के पूर्व समाज के भागीरथी साहू, संतोष साहू, सुमिरन साहू, अमृतलाल साहू, दिलीप साहू, श्यामसुंदर साहू, मनहरण साहू, मनोज साहू, संजय साहू, आनंद साहू, जगन्नाथ साहू, राहुल साहू, श्रीमती मिथलेश साहू, श्रीमती प्रिया साहू ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर ने विधिवत भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में वार्ड की मितानिनों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस किसानों को कर रही है गुमराह: शिव वर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 दिसंबर।** धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए कांग्रेस के नेताओं पर जमकर निशाना साधा है। यह बात कहते हुए पूर्व निगम अध्यक्ष व भाजपा के लोकप्रिय नेता शिव वर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर छत्तीसगढ़ प्रदेश व ज़िले के किसानों को गुमराह कर रहे हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियाँ उड़ाई तो अपराध और कानून- व्यवस्था को लेकर नया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे। कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फंसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुँह की खाने के



बाद भी कांग्रेस अपनी ओछी और साजिशाना राजनीति से बाज नही आ रही है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया।

संपादकीय

# दिल्ली में नहीं होगा कोई गठबंधन

इंडी गठबंधन के नेता यह दावा करते थकते नहीं है कि इंडी गठबंधन एक है, उसके नेताओं में कोई मतभेद नहीं है, वह एक लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन जब किसी राज्य में चुनाव होता है तो इंडी गठबंधन की पोल खुद गठबंधन के दल ही खोल देते हैं कि इंडी गठबंधन का दावा खोखला है। इंडी गठबंधन के सारे राजनीतिक दल राज्यों में अपना हित सबसे पहले देखना चाहते हैं। इससे अक्सर राज्यों में इंडी गठबंधन की एकता दिखाई नहीं देती है बल्कि वहां पर तो वह आमने सामने एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे होते हैं।दिल्ली में आप ने यह घोषणा करके कि वह दिल्ली में किसी दल के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी यह साफ कर दिया है कि वह दिल्ली चुनाव अकेले लड़ेगी, इसका मतलब है कि कांग्रेस भी दिल्ली में चुनाव अकेले लड़ेगी और यहां पर आप,भाजपा व कांग्रेस के बीच तिकोना मुकाबला होगा। सवाल उठता है कि आप ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला क्यों किया। इसकी कई वजहें हो सकती है, एक वजह तो यह हो सकती है कि आप ने दिल्ली लोकसभा चुनाव कांग्रेस के साथ लड़कर देख लिया है, इससे आप को कोई फायदा नहीं हुआ है। आप और कांग्रेस दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें हार गए। यानी लोकसभा चुनाव में मिलकर चुनाव लड़ने व भाजपा को हराने का दांव फेल हो गया। इसलिए आप सोच रही हो कि जब लोकसभा चुनाव में कोई फायदा नहीं हुआ तो विधानसभा चुनाव में भी फायदा नहीं होगा जब साथ लड़ने से कोई फायदा होना नहीं है तो इससे अच्छा है कि अकेले चुनाव लड़ा जाए। आप ने अब तक दिल्ली में अकेले ही चुनाव लड़ा है और शानदार जीत हासिल की है। यानी आप का अकेले चुनाव लड़ने का रिकार्ड शानदार है, उसे सफलता जरूर मिलती है। आप जानती है कि रिकार्ड अच्छा होने से चुनाव जीता नहीं जाती है चुनाव जीता है जनता का विश्वास हासिल करके। पहली बार आप को चुनाव में जीतने का पूरा विश्वास नहीं है तो इसकी वजह है कि पिछले कुछ सालों में आप पर जो भ्रष्टाचार के आरोप लगे है, केजरीवाल सहित कई नेताओं को जेल जाना पड़ा है। लोकसभा चुनाव में केजरीवाल ने सिम्पैथी कार्ड चलकर देखा था वह चला नहीं जनता ने केजरीवाल की पार्टी को नकार दिया एक सीट पर नहीं जिताया। हरियाणा में भी केजरीवाल ने सिम्पैथी कार्ड चलकर देखा था वहां के लोगों से कहा था आपके बेटे को मोदी सरकार ने जेल भेजा है, मुझे यकीन है कि आप लोग इसका बदला भाजपा से लेंगे। लेकिन हरियाणा में भी जनता ने केजरीवाल को पूरी तरह नकार दिया. ज्यादातर सीटों पर आप प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। केजरीवाल को समझ आ गया कि उनके बुरे कामों के बार कई राज्यों की जनता को खबर है। दिल्ली में किए है तो सवाल ही नहीं उठता है कि दिल्ली की जनता को भी मालूम है कि केजरीवाल कहते कुछ है और करते कुछ हैं। वह कहते हैं कि वह साधारण घर में रहेंगे लेकिन अपने लिए शीशमहल बनवा लेते हैं। आप की असली ताकत केजरीवाल पर जनता को भरोसा था। उनका जनता पर जादू चला करता था, वह जो कह देते थे जनता मान लेती थी। केजरीवाल कहते थे कि वह कट्टर ईमानदार व बाकी बेईमान तो जनता मान लेती थी और केजरीवाल को चुनाव में जिता देती थी। यह जादू तब चलता था जब केजरीवाल की पार्टी पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा था, केजरीवाल जेल नहीं गए थे, केजरीवाल ने सीएम पद से कभी इस्तीफा नहीं दिया था। अब तो केजरीवाल भी जानते हैं कि जनता में उनके प्रति नाराजगी है, आए दिन उनका विरोध उनकी यात्रा के दौरान होता है यह क्या है, यह दिल्ली की जनता का विरोध है, केजरीवाल जानते हैं कि पहली बार दिल्ली की जनता में उनके प्रति नाराजगी ज्यादा है और पहले वाला भरोसा कम हो गया है। यही वजह है कि उन्होंने आतिशी को दिल्ली की सीएम बनाया है ताकि उनके प्रति जो नाराजगी है, वह आतिशी दूर करेंगी। इसके अलावा आतिशी महिलाओं का वोट पार्टी के लिए जुटा सकेंगी। आप नेता जानते हैं कि दिल्ली की जनता में नाराजगी है और इसी नाराजगी का प्रदर्शन जनता केजरीवाल की यात्रा के दौरान करती है। आप नेता यह तो स्वीकार नहीं सकते कि दिल्ली की जनता उनकी पार्टी से नाराज है, इसलिए इतना विरोध प्रदर्शन हो रहा है, वह इस नाराजगी को छिपाने के लिए प्रचार करती है कि केजरीवाल पर हमले किए जा रहे हैं, कुछ ही दिनों में केजरीवाल पर हमला किया जा चुका है। हाल में किसी व्यक्ति ने केजरीवाल पर तरल पदार्थ फेंक दिया था इससे केजरीवाल को कोई नुकसान नहीं हुआ। जैसे ही युवक ने केजरीवाल पर तरल पदार्थ फेंका केजरीवाल ने उसे पोंछ दिया। यानी वह पानी था। लेकिन आप वालों ने बताया कि युवक ने केजरीवाल पर स्प्रिट फेंका था और उसके दूसरे हाथ में माचिस थी। उनका आरोप ही कि युवक केजरीवाल को जलाकर मार देना चाहता था। चाहे केजरीवाल जेल में हो या बाहर हो उनके साथ कुछ भी हो जाता है तो आप के नेता हल्ला करना शुरू कर देते हैं कि कुछ लोग केजरीवाल को जान से मारने की साजिश कर रहेहैं, ऐसा कह कर वह जनता की सिम्पैथी बटोरना चाहते थे। यह सिम्पैथी तब केजरीवाल को मिला करती थी जब वह पाक साफ माने जाते थे लेकिन उनका दामन जब से मैला हो गया है,जनता की सिम्पैथी नहीं मिलती है। केजरीवाल जानते हैं कि उनके मैले दामन के कारण इस बार चुनाव जीतना पहले की तरह आसान नहीं है, लेकिन वह लोगों का ध्यान अपने मैले दामन की तरफ से हटाकर मिल रही सुविधाओं की ओर कर रहे हैं और लोगों को बता रहे है कि केजरीवाल की पार्टी जीतेगी तो मिल रही सुविधाएं मिलती रहेंगी।केजरीवाल को आप हरा दोगे तो यह सुविधाएं भाजपा व कांग्रेस वाले बंद कर देंगे। यह केजरीवाल का अंतिम हथियार है, जिसका प्रयोग वह कर रहे हैं।

विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानीं

# ट्रंप की बेहतरीन टीम में शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं?

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ की नजरे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस जाकर पद संभालने पर लगी हुई है,क्योंकि उनके चुने जाने भर से ही इजराइल हमास का 60 दिवसीय युद्ध विराम लागू हो गया है। ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी का विचार,बांग्लादेश



चीनपाकिस्तान पर नकेल कसने की बातों सहित अनेक निर्णयों पर एक्शन रिएक्शन की संभावना का बाजार गर्म हो गया है तो दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन के लिए,की जा रही महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, मूल भारतवंशियों की झोली में आई है,जिसमें हम देख रहे हैं कि ट्रंप की बेहतरीन टीम में अभी तक शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं, इसलिए बांग्लादेश के इस्कॉन पीठाधीश की गिरफ्तारी, जमानत रद्द कर जेल भेजने तथा अन्यों की गिरफ्तारी व भारत बांग्लादेश संबंधों की खराबी के एक्शन पर रिएक्शन देखने को मिल सकता है तो वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी लाने के विचार पर भी रिएक्शन आ गया है,शनिवार दिनांक 30 नवंबर 2024 को देर शाम ट्रंप का बयान आया कि भारत सहित 9 देशों को खुली चेतावनी देकर कहा ऐसा हुआ तो 100 पेर्सेंट टैरिफ लगाकर अमेरिकी बाजार उन देशों के लिए बंद कर देंगे, सहित अन्य मुद्दों पर पूरी दुनियाँ की नजरें लगी हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से,इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी मूल्यों से लबरेज परोकार बेहतरीन टीम के साथ पद संभालने व्हाइट हाउस में आ रहे हैं ट्रंप...ट्रंप प्रशासन में भारतवंशियों का दबदबा दिखने की संभावना?

साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रशासन के व्हाइट हाउस आने व भारतवंशियों के ट्रंप प्रशासन में दबदबा दिखने की संभावना की करें तो, अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। वे शीर्ष अमेरिकी कंपनियों के उच्च पदों से लेकर देश की राजनीति में भी अहम पदों तक पहुंच रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आगामी प्रशासन के लिए अब तक कई भारतवंशियों को नामित कर चुके हैं। जबकि ट्रंप के पूर्व आध्यात्मिक सलाहकार जानी मूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय रिपब्लिकन नेता के दूसरे कार्यकाल के केंद्र में होगा।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने काश पटेल को एफबीआई डायरेक्टर पद के लिए नामित किया। पटेल ट्रंप के प्रशासन में कानून और सुरक्षा को मजबूत करेंगे। ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। साथ ही, तुलसी गबार्ड और जय भट्टाचार्य को भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं मिली हैं। उषा वेंस ट्रंप प्रशासन की नई सेकंड लेडी बनेंगी।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो के डायरेक्टर पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह सेलेक्शन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है।काश पटेल की नियुक्ति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही। पटेल अमेरिका में कानून व्यवस्था और नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करने पर फोकस करेंगे। 44 वर्षीय पटेल 2017 में तत्कालीन ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में भी काम कर चुके हैं।पेशे से वकील पटेल का संबंध गुजरात में वडोदरा से रहा है। पटेल भारत में अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर दिए बयान की वजह से भी चर्चा में रहे थे।निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को नए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। बिजनेसमैन रामास्वामी का काम सरकार को सलाह देना होगा। भारतवंशी रामास्वामी करोड़पति शख्स हैं और एक दवा कंपनी के फाउंडर भी हैं।वें राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल थे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली। इसके बाद उन्होंने ट्रंप का समर्थन करने का फैसला किया था।उनके माता-पिता केरल से अमेरिका चले गए थेसिनसिनाटी, ओहियो में जन्मे और पले-बढ़े, भारतीय मूल के बिजनेसमैन राष्ट्रीय स्तर के टेनिस खिलाड़ी थे। डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं। वह 2020 में वह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं।ट्रंप ने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को देश के टॉप हेल्थ रिसर्च एवं वित्त पोषण संस्थानों में से एक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के निदेशक के रूप में चुना है। इसके साथ ही भट्टाचार्य, ट्रंप द्वारा शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बन गए हैं। डॉ. भट्टाचार्य रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ मिलकर राष्ट्र के मेडिकल रिसर्च की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे भारतीय अमेरिकी वकील उषा चिलुकुरी वेंस उस समय चर्चा में आईं, जब उनके पति जे डी वेंस को रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया गया। ट्रंप-वेंस की जीत के साथ, 38 साल की उषा अमेरिका की सेकंड लेडी बनने वाली हैं। इस भूमिका में उषा पहली भारतीय-अमेरिकी होंगी। उषा, ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस (39) के साथ खड़ी थीं, जब ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद समर्थकों को संबोधित किया

साथियों बात अगर हम भारत बांग्लादेश तनाव व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार में अमेरिकी प्रभाव की करें तो,हाल के दिनों बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की खबरों और सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद भारत और बांग्लादेश के राजनयिक रिश्तों में कड़वाहट साफ दिख रही है।इस मामले को लेकर बांग्लादेश और भारत, दोनों एक दूसरे के खिलाफ टिप्पणी कर चुके हैं।दोनों जगह एक दूसरे के खिलाफ अभियान और विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिले हैं। ताजा घटनाक्रम के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ प्रमुख लोगों और विश्लेषकों ने यह सवाल उठाना शुरू कर दिया है कि क्या सरकार अल्पसंख्यकों के साथ हो रही घटनाओं को आंतरिक और कूटनीतिक तौर पर ठीक तरह से संभाल पाने में पूर्ण सक्षम है?ऐसे में अमेरिका से एक बड़ा बयान आया है, जिसमें कहा गया है कि,अमेरिका की बाइडेन सरकार ने बांग्लादेश पर अधिक ध्यान नहीं दिया है,यह समय बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के अस्तित्व पर खतरे की तरह है।लेकिन ट्रंप अब आ रहे हैं,उन्होंने कहा कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में धार्मिक स्वतंत्रता मानवाधिकारों में शीर्ष प्राथमिकता थी।अमेरिका और भारत के बीच ऐसा सहयोग देखने को मिलेगा, जो अभी तककभी भी नहीं देखने को मिला था। साथियों बात अगर हम ब्रिक्स सम्मेलन में ब्रिक्स करेंसी लाने पर विचार के रिएक्शन की करें तो,भारत समेत 9 देशों को ट्रंप की खुली चेतावनी,ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के अपने हैंडल पर लिखा,डॉलर से दूर होने की ब्रिक्स देशों की कोशिश में हम मूकदर्शक बने रहें, यह दौर अब खत्म हो गया है,हमें इन देशों से प्रतिबद्धता की जरूरत है कि वे न तो कोई नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही ताकतवर अमेरिकी डॉलर की जगह लेने के लिए किसी दूसरी मुद्रा का समर्थन करेंगे, वरना उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा उन्होंने लिखा अगर ब्रिक्स देश ऐसा करते हैं तो उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपने उत्पाद बेचने को विदा कहना होगा.

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों को आपके कार्यक्षेत्र की ओर से दिन के अंत में कुछ नए कार्य सौपे जा सकते हैं, जिन्हें न चाहते हुए भी आपको पूरा करना पड़ सकता है। आपकी सेहत की बात करें तो आप अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। विटामिन की कमी होने के कारण आपको बहुत अधिक कमजोरी महसूस हो सकती है, इसलिए आप सीजनल फल और सब्जियां खाएं तो आपका स्वास्थ्य जल्दी ही ठीक हो सकता है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

वृषभ- वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप डाटा ऑपरेटर हैं तो कहीं बात बन सकती है। आज आप तरल पदार्थ का सेवन करें। खट्टे पदार्थों के सेवन से आपकी एसिडिटी की समस्या अधिक बढ़ सकती है, इसलिए आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बढ़ते और खानपान में भी। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी आज अपने व्यापार से संबंधित किसी भी प्रकार के कानूनी दांव पेंच से थोड़ा दूर रहें तो अच्छा रहेगा। युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक आज समाज की भलाई के लिए जो भी कार्य करें, लोगों में आकर ना करें।

मिथुन- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों को बहुत मेहनत करनी होगी। आपकी आंखों पर बुरा असर पड़ सकता है। बहुत अधिक जरूरत होने पर यह मोबाइल का प्रयोग करें। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आज आप किसी प्रकार की डील साइन करने से पहले उस कंपनी के नियम और शर्तों को अच्छे प्रकार से जान लें। उसके बाद ही कोई डील साइन करें अन्यथा, आप बाद में परेशान हो सकते हैं। यदि आपकी संतान किसी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती है तो आप अपने संतान को मोटिवेट करें और उन्हें किसी भी नए कार्य के लिए प्रेरित अवश्य करें।

कर्क- कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा सा चुनौतीपूर्ण रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा सा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सा सावधान रहे, स्कीन से संबंधित कोई समस्या आपको परेशान कर सकती है और आपको चर्म रोग के डॉक्टर से परामर्श लेना पड़ सकता है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अधिक शानदार रहेगा।

सिंह- सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों को आज अपने कार्यस्थल पर अपने ऑफिस के नियमों को याद रखें, क्योंकि नियमों का उल्लंघन करने के कारण आपके बॉस की ओर से आपको फटकार लगाई जा सकती है। जिन लोगों को स्लिप डिस्क या कमर दर्द की परेशानी है तो उन्हें आज और अधिक दर्द हो सकता है जिसके कारण उन्हें उठने बैठने में भी परेशानी हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो उनको आज अपने काम पर विशेष ध्यान देना होगा अन्यथा आपके ग्राहक आपसे नाराज हो सकते हैं।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वाली जातकों की बात कर रहे तो सरकारी कर्मचारियों को बड़े विभाग से कभी भी आपके कार्य की समीक्षा की जा सकती है। इस दौरान थोड़ा सा अधिक सावधान रहे। आपकी सेहत की बात करें तो छोटे-मोटी बीमारियों को जड़ से खत्म करने के लिए आप योगासन का सहारा लें। एलोपैथिक दवाइयां के स्थान पर आयुर्वेदिक दवाइयां का उपयोग करें। अपने आप को अप टूडेट रखें, क्योंकि पिछड़े होने के कारण आपको कमजोर भी बताया जा सकता है। आप अपने घर में साफ-सफाई का प्रयास करें।

तुला- तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपनी नौकरी में कोई बदलाव करना चाहते हैं जिसके चलते अन्य विभाग में परीक्षा की तैयारी करते हुए नजर आ सकते हैं। आपकी सेहत की बात करें तो ब्लड प्रेशर हाई के पेशेंट को आज थोड़ा सावधान रहना होगा। तला-भुना खाने से परहेज रखना होगा और अपनी दवाइयां नियमित समय पर खानी होंगी, इसके साथ साथ आप क्रोध करने से भी बचें। अपने क्रोध पर न नियंत्रण रखें, व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि अपने व्यापार से संबंधित कोई पुराना कर्ज दे रखा है.

वृश्चिक- वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है। आज आप अपनी असफलता का दोषी दूसरों को ठहरा सकते हैं, अच्छा होगा कि आप अपनी कमियों को ढूंढने की कोशिश करें और उन्हें सुधारने का भी प्रयास करें। आपकी सेहत की बात करें तो आपको हीमोग्लोबिन की कमी हो सकती है। जिसके कारण कमजोरी भी आ सकती है। इसलिए आप हीमोग्लोबिन बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग धार्मिक पुस्तक या पूजा पाठ की सामग्री को बेचने का कार्य करते हैं। आज उनका सामान बहुत अधिक कीमत पर बिक सकता है और उनका आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो सकता है। युवा जातकों की बात करें। तो युवा जातक यदि प्रेम प्रसंग में पड़े हुए हैं तो कपल्स की आज कोई मीटिंग हो सकती है, जिसमें आप एक दूसरे से प्यार की बातें करने के स्थान पर एक दूसरे की कमियों को गिनते हुए नजर आएंगे।

धनु- धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज अपने भाग्य से ज्यादा अपने कर्म पर विश्वास करेंगे और उसके बाद ही अपने कार्यों को करने की पूरी कोशिश करेंगे। जिसमें आपको कामयाबी भी मिलेगी। आपकी सेहत की बात करें तो आज आप तेज धूप में घर से बाहर न निकले,नहीं तो आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है और आपको डॉक्टर के पास भी जाना पड़ सकता है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा।

मकर- मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके कार्यक्षेत्र में आपके सहयोग के लिए कहा जा सकता है, वैसे भी आपके कार्य स्थल पर आपको एक दूसरे की मदद करते रहना चाहिए, क्योंकि कभी भी किसी को भी किसी की आवश्यकता पड़ सकती है। आपकी सेहत की बात करें तो यदि आप शुगर के पेशेंट है तो आप अपने दिनचर्या में योगासन को और मॉर्निंग वॉक को स्थान अवश्य दें, संतुलित आहार ले और एक्सरसाइज अवश्य करें। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आज व्यापारी अपने व्यापार में कोई नया कार्य छोड़ सकते हैं।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो आज आप बाहर के खाने से परहेज करें, अन्यथा, आपका पेट खराब हो सकता है और आपको बहुत अधिक परेशानी भी हो सकती है। व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों के लिए आज का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है, इसलिए आप अपने व्यापार से संबंधित प्रतिस्पर्धियों को मात देने के लिए अपनी बुद्धि का प्रयोग करें, ना कि अपने शारीरिक बल का।

मीन- मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है। आज आपके कार्यक्षेत्र में शाम तक सभी कार्य फ्री हो गए जायेंगे। आपकी सेहत की बात करें तो आपका स्वास्थ्य तो सामान्य रहेगा, परंतु आप फिर भी खान पान में थोड़ा सा परहेज रखें, कोई भी स्वास्थ्य खराब करने वाला भोज्य पदार्थ न करें.

व्यंग्य

# सिर्फ. एक पत्थर



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक समय की बात है, एक नगर निगम कार्यालय में अजीब सी हलचल मची हुई थी। नगर निगम का नायक, जिसे लोग विकसित राष्ट्र का उद्घोषक कहकर सम्मानित करते थे, रोज कुछ न कुछ नयी परियोजना का उद्घाटन कर रहा था। एक दिन उसने सोचा, क्यों न ह्यस्मार्ट सिटीह्न की तर्ज पर नगर निगम कार्यालय में भी स्मार्ट बदलाव किए जाएं। मुझे खुद को स्मार्ट दिखाने का मौका मिलना चाहिए, उसने मन ही मन कहा, और खुद को एक बड़ा कार्य सौंप लिया। विकसित राष्ट्र के उद्घोषक ने निर्णय लिया कि कार्यालय के बाहर एक पत्थर लगाया जाए, जिस पर लिखा हो, यह जगह स्मार्ट नगर निगम के लिए समर्पित है। पत्थर कोई साधारण पत्थर नहीं था। यह पत्थर ऐतिहासिक और चमत्कारी होने वाला था। यह वही पत्थर था जिसे प्रतिष्ठित व अन्य स्मार्ट शहरों के प्रमुख अधिकारी अपनी नाक के नीचे से झांकते हुए देखते थे और उसे राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में पूजा करते थे। उसका आकार इतना भव्य था कि जब वह सड़क पर रखा गया, तो उसके आकार ने समूचे शहर के पार्किंग स्थल को अपनी चपेट में ले लिया। पत्थर का स्थान निश्चित हुआ, लेकिन इसे लगाने की प्रक्रिया से पहले कुछ स्मार्ट उपायों की आवश्यकता थी। नगर निगम के नायक ने पूरे कार्यालय को इस पत्थर के पास जमा किया और कहा, अब से यह पत्थर हमारे विकास का प्रतीक होगा। हम सबकी राह को रोशन करेगा और नगर निगम का नाम रोशन करेगा। तभी किसी ने बड़ी गंभीरता से सवाल किया, क्या इस पत्थर से सड़क का कुछ होगा? नायक ने मुस्कराते हुए कहा, सड़क क्या, देश भर में चमकती सड़कें होंगी, बस इस पत्थर की आवश्यकता है। हालांकि, रास्ते में एक समस्या आ गई। वह पत्थर सड़क के बीचों-बीच रखा जाना था, लेकिन अधिकारी के इर्द-गिर्द सब कुछ अव्यवस्थित था। एक स्मार्ट नगर निगम के कार्यालय में कर्मचारी अपनी कुर्सियों को खिसका कर बैठने की कोशिश कर रहे थे, और मेट्रो की स्वीकृति के लिए लगे सरकारी अधिकारी, जिनके पास सिर झुकाने का समय था, अपने स्मार्ट फोन में व्यस्त थे। नगर निगम का नायक पत्थर के पास खड़ा था और बड़ी गंभीरता से बोला, यह पत्थर हमारे आत्मविश्वास का प्रतीक है। बात को सुनकर एक कर्मचारी ने सस्ते में जवाब दिया, मुझे नहीं लगता कि यह पत्थर सड़क को स्मार्ट बना पाएगा, मगर ये एक स्मार्ट तरीके से लोगों को यहाँ से भेजेगा। वह कर्मचारी केवल इतना ही कह पाया, क्योंकि अगले ही पल उसकी आँखों में एक स्मार्ट अधिकारी ने कागजात फेंकते हुए कहा, नौकरी से बाहर करो इसे, स्मार्ट शब्द का अपमान करना क्या यहाँ हर किसी का धर्म है? यह सुनकर एक अन्य कर्मचारी खड़ा हुआ और उसने तुरंत स्मार्ट तरीके से जवाब दिया, सर, क्या आप नहीं जानते कि बिना खुद की पहचान के कोई भी पत्थर नहीं चलता। वह पत्थर हमारी ह्यस्मार्टह्न पहचान का हिस्सा बन चुका है, क्योंकि यह हमसे कहीं ज्यादा ज्ञान रखता है। उसी समय, नगर निगम का चेहरा फिर से झलकते हुए अधिकारियों ने निर्णय लिया कि वह पत्थर हर अधिकारी के नाम पर स्थापित किया जाएगा, ताकि उनका नाम और पगड़ी दोनों हमेशा याद रखे जाएं। इन निर्णयों को सुनते ही कुछ कर्मचारियों के चेहरे पर असमंजस और कुछ की आँखों में निराशा थी, क्योंकि उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि यह पत्थर कैसे उनकी राह आसान करेगा। आखिरकार, इस पत्थर को छोड़ने का समय आ गया, और अधिकारी वापस अपने कक्ष में बैठकर अपनी बहुमूल्य योजनाओं पर विचार करने लगे। वह पत्थर एक कोने में पड़ा रहा, और नगर निगम के हर अधिकारी की कार्यशैली उसकी ठंडी छांव में समा गई। स्मार्ट नगर निगम के उद्घोषक ने अपने सबसे नजदीकी कार्यकर्ता से कहा, तुम्हारा काम केवल पत्थर की निगरानी करना है। देखो, यह कहीं हाथ से फिसलकर न चला जाए। वह कार्यकर्ता खड़ा रहा, क्योंकि पत्थर की रखवाली भी उतनी ही स्मार्ट बनानी थी जितनी बाकी सारी योजनाएँ। बेशक, पत्थर अब पूरी इमारत की पहचान बन चुका था, और पूरी स्मार्ट व्यवस्था इसकी आड़ में न जाने कितनी योजनाओं का लुका-छिपा हिस्सा बन चुकी थी। तभी एक और अधिकारी आया और बोला, सर, अब यह ह्यस्मार्टह्न पत्थर किसी स्मार्ट कार्य के लिए इस्तेमाल होगा, या केवल हमारी राजनीति की शोभा बढ़ाएगा? उस अधिकारी का सवाल हवा में लहरा गया, क्योंकि स्मार्ट अधिकारी नहीं चाहते थे कि वे किसी की समझ से ज्यादा कुछ समझें।




स्वास्थ्य

# सिजेरियन सेक्शन के बाद खाद्य पदार्थ और परहेज

डॉ. प्रियंका सौरभ

बहुत सी सिजेरियन डिलीवरी, गर्भावस्था की कुछ जटिलताओं या अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण की जाती है। सी-सेक्शन प्रक्रिया ज्यादातर महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण और अप्रिय हो सकती है और यह मानसिक और शारीरिक रूप से थका देने वाली हो सकती है। प्रक्रिया से उबरने के लिए माँ को भरपूर आराम और सख्त आहार की आवश्यकता होती है। सी-सेक्शन के बाद पहले कुछ हफ़्तों के दौरान, माँ की पूरी तरह से निगरानी की जानी चाहिए और प्रसव के तनाव से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरने में उसकी सहायता की जानी चाहिए। इसलिए, -सी सेक्शन के बाद उसे खाने के लिए उचित भोजन दिया जाना चाहिए। चूंकि पहले कुछ महीनों के दौरान बच्चे के पोषण का मुख्य स्रोत स्तन का दूध होता है, इसलिए सीजेरियन सेक्शन के बाद माँ को अच्छा आहार लेना चाहिए। पर्याप्त आराम के साथ-साथ अच्छा आहार पेट की दीवार और गर्भाशय की उपचार प्रक्रिया को भी तेज कर सकता है, जो सी-सेक्शन के दौरान फट गए थे। उचित आहार माँ को गर्भावस्था के दौरान बढ़े हुए वजन को कम करने में भी मदद कर सकता है।

बहुत सी सिजेरियन डिलीवरी, गर्भावस्था की कुछ जटिलताओं या अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण की जाती है। सी-सेक्शन प्रक्रिया ज्यादातर महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण और अप्रिय हो सकती है और यह मानसिक और शारीरिक रूप से थका देने वाली हो सकती है। प्रक्रिया से उबरने के लिए माँ को भरपूर आराम और सख्त आहार की आवश्यकता होती है। सी-सेक्शन के बाद पहले कुछ हफ़्तों के दौरान, माँ की पूरी तरह से निगरानी की जानी चाहिए और प्रसव के तनाव से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरने में उसकी सहायता की जानी चाहिए। इसलिए, -सी सेक्शन के बाद उसे खाने के लिए उचित भोजन दिया जाना चाहिए।

**सिजेरियन सेक्शन के बाद सही भोजन करना कुछ कारणों से बहुत महत्त्वपूर्ण है:**उपचार को बढ़ावा देता है: विटामिन, खनिज और प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार आपके शरीर को तेजी से ठीक होने और सर्जरी से उबरने में मदद करता है।रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है: स्वस्थ आहार खाने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है।

**ऊर्जा प्रदान करता है:** सी-सेक्शन के बाद, आपके शरीर को ठीक होने और अपने नवजात शिशु की देखभाल करने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है। एक स्वस्थ आहार सुनिश्चित करता है कि आपके पास दोनों के लिए आवश्यक ऊर्जा है।

**स्तनपान में सहायता:** उच्च गुणवत्ता वाला स्तन दूध उपलब्ध कराने के लिए स्वस्थ आहार आवश्यक है, जो आपके बच्चे के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है।

**जटिलताओं को कम करता है:** एक अच्छा आहार वजन को नियंत्रित करने, कब्ज के जोखिम को कम करने और बेहतर पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है, जो सर्जरी के बाद महत्त्वपूर्ण हैं।

**मनोदशा में सुधार:** संतुलित भोजन खाने से आपकी मनोदशा स्थिर रहती है और मानसिक स्पष्टता मिलती है, जिससे प्रसव के बाद भावनात्मक सुधार में सहायता मिलती है।

**ऊतकों की मरम्मत में सहायक:** प्रोटीन, विटामिन-सी और जिंक जैसे पोषक तत्व ऊतकों की मरम्मत और पुनर्जनन के लिए आवश्यक हैं, जो आपके सर्जिकल घाव को अधिक प्रभावी ढंग से ठीक करने में मदद करते हैं।

**सिजेरियन के बाद क्या खाना चाहिए?**

**सिजेरियन के बाद खाने योग्य खाद्य पदार्थों की सूची इस प्रकार है:**प्रोटीन और कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ: प्रोटीन नए ऊतक कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं, जिससे उपचार प्रक्रिया में तेजी आती है। प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ सर्जरी के बाद ऊतकों को ठीक करने और मांसपेशियों की शक्ति को बनाए रखने में मदद करें। दूसरी ओर, कैल्शियम हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है, मांसपेशियों को आराम देता है, रक्त के थक्के को बढ़ावा देता है और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाता है। -सी सेक्शन के बाद अपने आहार में फलियाँ, अंडे आदि शामिल करें और खुद को ठीक होते और मजबूत होते देखें।

**साबुत अनाज:** ब्राउन ब्रेड, पास्ता और ब्राउन राइस सहित साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि इनमें कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है। यह ऊर्जा के रखरखाव और स्तन दूध उत्पादन में सहायता करता है। आयरन, फाइबर और फोलिक एसिड सभी शिशुओं के लिए उनके शुरूआती विकास चरणों में महत्त्वपूर्ण पोषक तत्व हैं।

**विटामिन और खनिज:** विटामिन में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा अधिक होती है और ये ऊतक की मरम्मत में सहायता करते हैं। इसलिए, सीजेरियन सेक्शन के बाद आहार में इनका बहुत अच्छा समावेश हो सकता है। ये शरीर को कोलेजन बनाने में मदद करते हैं, जो स्नायुबंधन, नए निशान ऊतकों और त्वचा के निर्माण में सहायता करता है। पालक, ब्रोकली और मेथी के पत्तों जैसी सब्ज़ियों में आहार कैल्शियम और आयरन के अलावा विटामिन ए और-सी की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा, संतरे, पपीता, तरबूज, स्ट्रॉबेरी और अंगूर जैसे फलों में विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है और-सी सेक्शन के बाद खाने के लिए ये सबसे अच्छा भोजन है। ये फल और सब्ज़ियाँ संक्रमण की रोकथाम और प्रतिरक्षा निर्माण में सहायता करती हैं।

**आयरन:** लोहा बनाए रखता है हीमोग्लोबिन का स्तर शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है और प्रसव के दौरान खोए हुए रक्त की पूर्ति में मदद मिलती है। आयरन प्रतिरक्षा प्रणाली को ठीक से काम करने में मदद करता है। आयरन युक्त खाद्य पदार्थों में अंडे की जर्दी, सीप, लाल मांस, गाय का जिगर और सूखे मेवे शामिल हैं। लेकिन, यह सलाह दी जाती है कि अधिक आयरन न लें क्योंकि इससे कब्ज हो सकता है। इसलिए, आयरन के सेवन के बारे में हमेशा अपने डॉक्टर से सलाह लेना उचित है।

**सब्जियाँ:** सिजेरियन के बाद खाने के लिए सब्जियाँ एक बेहतरीन विकल्प हैं। हरी सब्जियाँ नई माताओं के लिए फायदेमंद होती हैं क्योंकि उनमें आयरन, विटामिन और कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। पालक, बीन्स, कमल के तने, ब्रोकली और मेथी जैसी हरी सब्जियाँ डाइट प्लान में शामिल की जानी चाहिए। दूसरी ओर, आप मशरूम और गाजर से पर्याप्त प्रोटीन प्राप्त कर सकते हैं। सी-सेक्शन डिलीवरी के बाद की अवधि जटिल और चुनौतीपूर्ण हो सकती है। उपचार में तेजी लाने के लिए भोजन पर नियंत्रण बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। सी-सेक्शन के बाद संतुलित आहार आपको सर्जरी से उबरने और आपको और आपके बच्चे को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। डॉक्टर आमतौर पर सी-सेक्शन डिलीवरी के बाद डाइट चार्ट तैयार करते हैं। डाइट चार्ट का सख्ती से पालन करने के अलावा, आपको अपने खाने की आदतों पर भी नजर रखनी चाहिए। ऐसा करने से आपको सिजेरियन सेक्शन के बाद ठीक होने और पहले से ज्यादा स्वस्थ बनने में मदद करेगी।

# चार सूत्रीय मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा, मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे ग्रामीण

- पहले भी समस्याओं के समाधान के लिए दिया गया था आवेदन, कोई कार्रवाई नहीं हुई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 3 दिसंबर।** जिले के ग्राम पंचायत गोंडेरास में आश्रम, उप स्वास्थ्य केंद्र, बिजली एवं आंगनबाड़ी केंद्र व अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर कलेक्टर देवेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम पंचायत गोंडेरास का आश्रम एवं धान उपार्जन केन्द्र व अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर पूर्व में भी आवेदन दिया गया था, जिसका आज तक कोई निराकरण नहीं हुआ है। सबसे बड़ी समस्या स्कूल आश्रम नहीं होने के कारण बच्चे पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं, क्योंकि गोंडेरास का आश्रम वर्तमान में सुकमा जिले के करीब 05 किलोमीटर दूर गोलागुड़ा में संचालित किया जा रहा है, जिसमें गांव के एक भी बच्चे अध्ययन नहीं कर रहे हैं। क्योंकि गांव से गोलागुड़ा तक 50 किलोमीटर दूर कई नदी-नाला एवं पहाड़ को पैदल चल कर बच्चों को यहां आ कर

पढ़ाई करना संभव नहीं है। हम सब गांव वालों का कहना है कि आश्रम को पुनः मूल संस्था गोंडेरास में संचालित किया जाए, ताकि गांव के सभी बच्चे पढ़ाई कर सके। आज भी गांव में लगभग 300 से अधिक बच्चे पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इन मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत गोंडेरास का आश्रम को पुनः मूल संस्था में संचालित किया जाए। स्वास्थ्य केंद्र जो टीन से दीवार बना



हुआ था, वह पूरी तरह से दीवार गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया है, उसे नया बिल्डिंग एवं बाउंड्रीवाल बनाया जाए। बिजली का खम्बा सिर्फ दिखावा के लिए खड़ा कर दिया गया है, उसे घर-घर तक कनेक्शन दिया जाए। आंगनबाड़ी केंद्र वर्ष 2021-22 में टीन से दीवार बनाया गया था, जो कि जंग लगने से दीवार गिर कर पूरी तरह से दीवार क्षतिग्रस्त हो गया है। वर्तमान में बच्चों को ईमली पेड़ के नीचे पढ़ाया जा रहा है और भोजन भी खिलाते हैं, उसे भी नया बिल्डिंग बनाया जाएं। उक्त मांगों को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

## समाचार संक्षेप

# अवैध राशन पुलिस ने किया जब्त



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 3 दिसंबर।** जिले के ग्राम पंचायत मुरतोंण्डा के ग्राम गोलागुडा में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान से लगभग 25-30 क्विंटल राशन को अवैध रूप से परिवहन किया गया लेकिन राशन किसकी है, अभी तक जानकारी के बहार मामला आज पर्यंत उजागर नहीं हुई है। सीधे जिला मुख्यालय की ओर राशन को अवैध रूप से परिवहन कर रहा था। आपको बता दें दंतेवाड़ा मार्ग में अवैध राशन वाहन समेत पुलिस ने जप्त कर पुलिस थाना सुकमा को राशन वाहन समेत सुपूर्द कर दिया गया है। ज्ञात हो कि 23 नवंबर 2024 अवैध राशन वाहन को जप्त कर लिया गया लेकिन कार्रवाई करके अभी लगभग 10-11 दिन हो चूंकि है। राशन और वाहन पुलिस थाना सुकमा में जप्त पड़ी हुई है। कोई जिम्मेदार अधिकारी ऐसे गंभीर मामले को अनदेखी की जा रही है। दोषियों पर कब कार्रवाई होगी। कौन है इसकी जिम्मेदार अगर अवैध नहीं थी क्यो राशन समेत वाहन को पुलिस ने जप्त किया गया। मामला क्या है, आधिकारिक पुष्टि कब होगी। सेल्समैन किशोर नाग का कहना है कि मैंने पूरी जिम्मेदारी के साथ पोटा केबिन मुरतोंडा के नाम से चांवल को लिखित में सुपूर्द कर दिया लेकिन अधिक्षिका ने राशन को क्या किया उसकी मेरा जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जांच दल राशन दुकान तक जांच करने पहुंचे उक्त जांच दल को मेंटेन डायरी को जांच अधिकारी को सौंप दिया गया है। सेल्समैन ने मेंटेन डायरी सौंप कर 10 दिवस से अधिक हो चूंकि है। अभी तक कैसी कार्रवाई हो रही है कहीं मिलीभगत करके मामले को ठंडे बस्ते में दबाने की कोशिश तो नहीं लेकिन अभी भी सुकमा थाना में वाहन समेत राशन पुलिस के कब्जे में जप्त पड़ी हुई है।

# बस्तर राशन दुकान विक्रेता संघ ने खाद्यान्न कटौती को लेकर विधायक लखेश्वर बघेल को ज्ञापन सौंपा



**जगदलपुर 3 दिसंबर।** मशीन से राशन देने में आ रही दिक्कत-विक्रेता संघ का आरोप है कि शासन ने छत्तीसगढ़ के सभी दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन ट्रायल में ई पास मशीन को बाध्य किया है लेकिन मशीन की गुणवत्ता बेहद खराब है सुधार भी नहीं होता और आए दिन सर्वर डाउन रहता है जिसके कारण हर दिन उपभोक्ता और विक्रेता के बीच विवाद होता है राशन भंडारण में गड़बड़ी के कारण दुकान में राशन में कमी आती है इसकी शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है

बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने कहा की एक बार फिर प्रदेश सरकार पर राशन कटौती का आरोप लगातार आ रहा है सरकार महिलाओं को 1000 रुपए तो दे रही है, लेकिन बदले में 20 किलो चावल की कटौती कर रही है कांग्रेस सरकार थी, तो प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल देती थी बस्तर विधायक श्री बघेल ने कहा कि जब प्रदेश में रमन सिंह की सरकार थी, तब 7 किलो चावल देते थे, लेकिन जैसे ही हमारी कांग्रेस की सरकार आई तो हमने 35 किलो चावल हर परिवार को दिया अब विष्णु देव साय की सरकार आई है, तब से इन्होंने 5 किलो कर दिया है और राशन में कटौती कर दुकान संचालक को भी एक तरह से परेशान करने का कार्य कर रहे है।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली



**सुकमा,3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में विश्व एड्स दिवस कार्यकम के अंतर्गत सोमवार को एड्स जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण गतिविधियों का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 1 दिसंबर 2024 का थीम ''अपने अधिकारों को समझिये और सही रास्ता चुनिये'' के अनुसार किया गया। एवं इस अवसर पर श्री डी सुरेश बाबु, प्राचार्य ने एच.आई.बी एवं एड्स से संबंधित जानकारी एवं बचाव से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों को प्रदान किये एवं एच. आई.बी. संबधित अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल करें।

प्रो. शशिकांत धुवे, समाजशास्त्र एवं कार्यकम अधिकारी (रासेयों) ने अपने विचार व्यक्त किये कि वर्तमान समय में घर, परिवार, समाज पूरे राष्ट्र में हमें इस बीमारी को लक्ष्य वर्ष 2030 तक समाप्ति के लिये विभिन्न प्रकार संचरण के तरीके जैसे असुरक्षित यौन संबंध, रक्त संचरण, इंजेक्शन साझा करना, गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान द्वारा जैसे संक्रमण के तरीकों से बचना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर अतिथि व्याख्यातागण मुकेश कुमार पटेल, रोहित कुमार जांगड़े, वेणु वर्मा, कमलेश निषाद, बालकदास, संगीता एन्नल, अमित मंडल, चांदनी मरकाम, रोहिणी चौरे एवं सभी संकायो के विद्यार्थिगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक उपस्थित थे।

# छात्राओं ने निकालीं एड्स जागरूकता रैली

**सुकमा,3 दिसंबर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हारराश सुकमा व बालिका पोटाकेबिन सुकमा के छात्र-छात्राओं के द्वारा एचआईवी एड्स की जागरूकता रैली निकाली गई। जिला चिकित्सालय से निकली रैली के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों से होकर जन सामान्य तक एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव व जागरूकता का सन्देश दिया गया। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमआर कश्यप व जिला एड्स अधिकारी डॉ. बारसे भीमाराम द्वारा रैली की अगुवाई की गई। कार्यक्रम में डॉ. अनामय बिड़वई, डॉ. स्वेता शर्मा, जयनारायण सिंह जिला टीबी एचआईवी समन्वयक, संतोष चौहान वरिष्ठ लैब पर्वेक्षक, श्रीमती कोशिल्या चंद्राकर जिला एस.टी.आई परामर्शदाता, श्री राजेश सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी पीरामल स्वास्थ्य अमोल बोरकर , सागर तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।



## एक नजर

### सेना भर्ती रैली में शामिल होंगे 8556 युवा

**सुकमा,3 दिसंबर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 04 से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलो के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था और अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन सीईई (ष्टश्वश्व) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन सीईई का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया था और शोर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था । उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं, व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट और जे आई ए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है। जिला प्रशासन की ओर से उम्मीदवारों के लिए रुकने की व्यवस्था व रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। भर्ती कार्यालय द्वारा सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि जालसाजों से सावधान रहें । भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर होता है।

### शासन के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से हो रही धान खरीदी

**सुकमा, 3 दिसंबर।** जिले में शासन के निर्देशानुसार पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। इस व्यवस्था से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में संचालित उपार्जन केंद्रों पर खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा सुकमा श्री गौरव शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन पर धान खरीदी के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। किसानों की धान विक्रय में कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की गई। साथ ही किसानों की शिकायतों के समाधान के लिए जिला में नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों को धान खरीदी के संबंध में असुविधा होने पर समस्या के निराकरण हेतु कंट्रोल नंबर पर संपर्क कर सकते है। सुकमा जिले के धान उपार्जन केन्द्रो में धान विक्रय के दौरान होने वाली समस्याओं को दर्ज करने एवं उसके निराकरण हेतु धान खरीदी नियंत्रण कक्ष में स्थित दूरभाष क्रमांक 07864-284012 पर शिकायत एवं सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय बनाने के निर्देश

# जिला सीईओ ने ग्राम फुलबगड़ी एवं बड़ेसेट्टी में कई संस्थानों सहित योजनाओं का किया निरीक्षण



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,3 दिसंबर।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने रविवार को सुकमा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम फुलबगड़ी और बड़ेसेट्टी का दौरा कर विभिन्न संस्थानों का दौरा किया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्रों और छात्रावास की व्यवस्थाओं के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय में आवश्यकता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरे में डिप्टी कलेक्टर व एसडीएम सुश्री मधु तेता सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। ग्राम फुलबगड़ी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्राम बड़ेसेट्टी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का जायजा लेते हुए श्रीमती जैन ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्टाफ की कमी और उपकरणों की आवश्यकता पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**बड़ेसेट्टी 50 सीटर बालक छात्रावास का निरीक्षण :** ग्राम बड़ेसेट्टी में स्थित 50 सीटर बालक छात्रावास का निरीक्षण करते हुए श्रीमती जैन ने छात्रावास में रह रहे बच्चों से रूबरू होकर संवाद स्थापित किया। उन्होंने छात्रों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, भोजन, पेयजल, बिजली और साफ़-सफाई की व्यवस्थाओं की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। ग्राम बड़ेसेट्टी में निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

# हर साल खपरैल बदलने की परेशानी से मिली मुक्ति : द्रोपदी कश्यप

**उत्तर बस्तर कांकेर,3 दिसम्बर ।** प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के सिर पर न सिर्फ छत दे रही है बल्कि विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात भी दिला रही है। इस योजना से ग्रामीणों की तकदीर व तस्वीर दोनों बदल गई है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़पार निवासी श्रीमती द्रोपदी कश्यप जो प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही हैं, ने बताया कि इस योजना से कई तरह की परेशानियां दूर हुईं।

हितग्राही श्रीमती द्रोपदी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2020-21 में आवास स्वीकृत हुआ जो अब बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ ही, इसके अलावा बारिश के दिनों में कच्चे मकान में होने वाली सीलन, कीड़े-मकोड़ों का डर भी सताता रहता था। श्रीमती कश्यप ने बताया कि पहले कच्चा घर होने से हर साल खपरैल (कवेलू) बदलवाने का झंझट होता था। इससे पूरी तरह से अब मुक्ति मिल गई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार का सपना बड़े मकान का था, जो अब साकार हो गया है। श्रीमती कश्यप ने स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से 1.20 लाख रूपए मिले तथा 6 लाख रूपए का ऋण महिला संगठन से लिया। इसके अतिरिक्त कुछ रूपए बैंक से भी उधार लिए। श्रीमती द्रोपदी आज खुश हैं कि उनका और उनके परिवार का सपना पूरा हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का साधुवाद देते हुए आभार प्रकट किया।




ग्राम मुड़पार (दखनी) की ही श्रीमती बिमलाबाई सरोज ने भी योजनांतर्गत पक्के आवास का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में उनका आवास स्वीकृत हुआ और 2023 के वर्षान्त में पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। आवास निर्माण के लिए उन्हें क्रमशः 40 हजार, 60 हजार उसके बाद 20 हजार रूपए बैंक खाते में मिले। इसके अलावा खुद के घर में मजदूरी करने के एवज में 20 हजार रूपए की अतिरिक्त राशि मिली। उनके पति श्री द्रुपसिंह सरोज ने बताया कि पक्का आवास के बन जाने से उनके सालों पुरानी इच्छा पूरी हो गई। सरोज दम्पति ने पक्के आवास बन जाने पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

### बैगा, गुनिया, सिरहा को 5-5 हजार रुपए की सम्मान निधि देने के निर्णय से खुशी का माहौल

# जनजातीय धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में मुख्यमंत्री ने की अच्छी पहल:सिरहा श्री कुमेटी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 3 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर प्राधिकरण की बैठक में जनजातीय परंपराओं और विरासतों को सहेजने व संजोने के उद्देश्य से बैगा, गुनिया और सिरहा को हर साल 5-5 हजार रूपए की सम्मान निधि प्रदाय करने का फैसला लिया था। राज्य सरकार के इस निर्णय से जनजातीय परंपराओं के संरक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुड़पार (दखनी) के सिरहा श्री अमर सिंह कुमेटी ने बताया कि इस फैसले से एक तरह से बस्तर की जनजातीय धरोहरों को आगे बढ़ाने वालों ने खुशी व्याप्त है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 साल से सिरहा का काम कर रहे हैं तथा नाड़ी वैद्य के रूप में ग्रामीणों सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की शारीरिक एवं मानसिक बाधाओं को दूर करने का प्रयास करते हैं। श्री कुमेटी ने बताया कि इसके तहत् दैवीय शक्तियों- बूढ़ीमाता, रकतमावली, रानीमाई, गाजवाली का आह्वान कर लोगों की बाधाएं दूर करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किसी तरह की शारीरिक व्याधि का पता चलने पर रोगी को तत्काल अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। सिरहा श्री कुमेटी ने बताया कि वह परमाहा मुदिया (कुल परम्परा) के अनुचर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस घोषणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस राशि से जनजातीय परम्पराओं को आगे बढ़ाने का जरिया मिलेगा। इसी गांव के युवा सिरहा श्री गोविन्दराम वट्टी ने बताया कि वह 'पाण्डेलइया' परम्परा के अनुगामी हैं और बूढ़ीमाता, गढ़मावली, काली कंकालिन माता का आह्वान कर लोगों के कष्ट दूर करने का काम करते हैं। पिछले 15 सालों से सिरहा का काम करने वाले श्री वट्टी ने बताया कि वह नाड़ी परीक्षण कर, पीढ़ा बैठाकर 'बिचारने' का काम करते हैं। श्री वट्टी ने भी मुख्यमंत्री श्री साय की इस घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार माना। उल्लेखनीय है कि 18 नवम्बर को चित्रकोट (बस्तर) में आयोजित बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में जनजातीय परम्पराओं के संरक्षक बैगा, गुनिया और सिरहा को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 हजार रूपए की सम्मान निधि देने की घोषणा की। राज्य सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।



### जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल नि शुल्क कोचिंग के लिए पंजीयन 4 दिसम्बर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर 3 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की अभिनव पहल ÷मावा मोदोल÷ शुरू होने जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी, अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा जैसे पीएससी, रेलवे, व्यापम, पुलिस, शिक्षक भर्ती आदि की निः शुल्क तैयारी विषय विशेषज्ञों के माध्यम से विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सके। उन्होंने जानकारी दी है कि जिले के विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा, पखांजूर अंतागढ़ क्षेत्र के इच्छुक छात्र बार कोड अथवा लिंक के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। अब तक 600 से अधिक छात्र- छात्रा पंजीयन करा चुके हैं। इसके लिए 04 दिसम्बर 2024 की शाम 05 बजे तक पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीकृत छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट 05 दिसम्बर 2024 दिन गुरुवार को 12 बजे से आयोजित की जाएगी। स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु विकासखंड मुख्यालय के शासकीय पीएम श्री विद्यालय भानुप्रतापपुर , शासकीय पीएम श्री विद्यालय अंतागढ़, शासकीय पीएम श्री विद्यालय दुर्गुकोंदल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखांजूर को केंद्र बनाया गया है। जिला प्रशासन ने सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करा कर स्क्रीनिंग टेस्ट में भाग लें।

**एक नजर**

## महतारी वंदन से सास-बहू की रिश्तों में आई मिठास

**महासमुंद 3 दिसंबर।** महतारी वंदन योजना जरूरतमंद महिलाओं की जिंदगी बदलने से लेकर रिश्तों में आई कड़वाहट को भी मिठास में बदल रही है। अमूमन यह कहा जाता है कि सास और बहू के रिश्ते में खटास आ ही जाती है। लेकिन इस योजना ने इस खटास को भी मिठास में बदल दिया है। महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम बेमचा की रहने वाली शैलेन्द्री ध्रुव की बहू गेस कुमारी एक ही घर में एक ही छत के नीचे खुशी से जीवन यापन कर रही है। पिछले तीन वर्षों से बहू उनके साथ रह रही है। अभी वर्तमान में उनके यहां नया मेहमान भी आने वाला है। गरीबी और आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहे इस परिवार के लिए दो हजार रुपए प्रतिमाह की आवक बड़ी राशि है। इससे दैनिक खर्च के अलावा छोटी मोटी स्वास्थ्यगत समस्याओं का भी समाधान आसानी से हो जाता है। हालांकि दोनों के बीच कभी अनबन नहीं रही। सास श्रीमती शैलेन्द्री ध्रुव हमेशा बेटी की तरह ही अपनी बहू को लाड़ करती है। यह संयोग ही है कि जैसे महतारी वंदन योजना की शुरूआत हुई वैसे ही घर में नए मेहमान आने की सुखद समाचार भी मिला। जिससे घर में खुशियों का संचार दोगुना हुआ। अभी उनकी बहू गेस कुमारी के यहां नए मेहमान दस्तक देने वाले हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में उनका नियमित चेकअप, खानपान और स्वास्थ्य का देखभाल करना जरूरी हो जाता है। ऐसे महतारी वंदन की राशि जो हर माह में नियमित रूप से मिल जाती है, से सास के रूप में मेरी चिंता दूर हुई। मेरे पति और बेटे कृषि और मजदूरी कर जीवन यापन चलाते है। ऐसी परिस्थिति में इस राशि का कितना महत्व है यह हमसे बेहतर कोई नहीं बता सकते। उन्होंने राज्य के मुखिया श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से आर्थिक मजबूती के साथ-साथ रिश्तों में मिठास आई है।ज्ञात है कि इस योजना से 12 हजार रुपए वार्षिक वित्तीय सहायता विवाहित महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए उनके खाते में दी जा रही है। महासमुंद जिले में कुल 3 लाख 26 हजार महिलाओं को लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा 10 किस्तों का भुगतान किया जा चुका है।

## जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई खेमड़ा जांच चौकी में 140 कट्टा धान जब्त



**महासमुंद, 3 दिसंबर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध धान भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में मंडी इंस्पेक्टर ने खेमड़ा जांच चौकी पर बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात मंडी इंस्पेक्टर श्री सिदार और श्री साजिदखान की उपस्थिति में रजन यादव, निवासी टरबोड़ा, नुआपड़ा (ओडिशा) से 140 कट्टा धान जब्त किया गया। रजन यादव द्वारा दो अलग-अलग वाहनों के माध्यम से 70-70 कट्टा धान अपने घर से खेमड़ा ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान रजन यादव परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई। जिले में अवैध धान व्यापार पर प्रशासन की सख्त नजर है, और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## एनडीआरएफ द्वारा 6 दिसम्बर को संयुक्त मॉक ड्रिल किया जाएगा

**महासमुंद, 3 दिसंबर।** बाढ़ जैसी आपदा स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से दो दिवसीय अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 05 दिसंबर 2024 को बाढ़ बचाव परिदृश्य पर आधारित टेबल टॉप बैठक और 06 दिसंबर 2024 को संयुक्त मॉकड्रिल किया जाएगा। जिले में मॉक अभ्यास के आयोजन के लिए एनडीआरएफ की 20-25 सदस्यीय टीम एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में 04 दिसंबर 2024 को महासमुंद पहुंचेगी। यह टीम बाढ़ बचाव तकनीकों और आपदा प्रबंधन के कुशल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों पर फोकस करेगी।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, जिले के सभी संबंधित विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, फायर ब्रिगेड और बचावकर्ताओं को इस मॉक ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सूचना दी गई ।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिले के दर्शनार्थियों को मिल रहा श्री रामलला का दर्शन





**रायगढ़, 3 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ श्री रामलला दर्शन योजना से बड़ी संख्या में जिले के दर्शनार्थी लाभान्वित हो रहे है। इस योजना से न सिर्फ दर्शनार्थियों को श्री राम लला के दर्शन का लाभ मिल रहा है बल्कि उनके मन में श्री राम के प्रति भरी अकूत श्रद्धा को भी बल मिल रहा है।

जिले से इस बार श्री रामलला दर्शन के लिए सातवां जत्था 105 दर्शनार्थी एवं 03 सहयोगियों सहित कुल 108 लोगों का दल अयोध्या धाम जा रहे है। 108 लोगों में से 78 यात्री ग्रामीण वहीं 27 यात्री शहरी क्षेत्रों के हैं। प्रशासन की ओर से 02 सहयोगी यात्रियों के सहयोग और यात्रा के दौरान समन्वय बनाने के लिए साथ जा रहे है। वहीं 01 चिकित्सीय स्टाफ भी मौजूद है। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से आज सातवां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ। जो दर्शन पश्चात 05 दिसम्बर को दर्शनार्थियों का यह जत्था वापस लौटेगा। विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम दर्रीडीह निवासी मुन्ना लाल ने कहा कि हम कभी सोचे नहीं थे कि श्री रामलला दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, लेकिन शासन की योजना से माध्यम से उन्हें जाने का मौका मिला हैए और बहुत खुशी हो रही है। इसी तरह चांदमारी रायगढ़ निवासी श्रीमती झूलो बाई कहती कि श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए है। यह उनके लिए सौभाग्य का पल है कि मैं प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जा रही हूं।तमनार निवासी श्रीमती सुभाषिनी पटनायक ने कहा कि प्रभु श्री राम के दर्शन की इच्छा तो थी, लेकिन इतनी जल्दी पूरी होगी यह नहीं सोचा था, लेकिन आज शासन की श्री रामलला दर्शन योजना से हमारा यह सपना पूरा होने जा रहा है। सभी तीर्थयात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बहुत अच्छी योजना है। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# बस स्टैंड में यात्रियों के लिए नगर पंचायत ने किया अलाव की व्यवस्था



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**पत्थलगांव, 3 दिसंबर।** जशपुर जिले में कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों की राहत के लिए नगर पंचायत द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की है। बीते तीन दिनों से क्षेत्र के तापमान में गिरावट देखी जा रही है,दिन सोमवार को हल्की बारिश के साथ ठंड बढ़ती जा रही है। देर रात तक सड़कों पर घना कोहरा छा जाने से लोगों को आवागमन में भी दिक्कतें हो रही है,यहां बस स्टैंड में प्रतिदिन हजारों यात्री सफर के लिए आते है और बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को ठंड से राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है,इसके साथ ही नगरवासियों की मांग के अनुसार अन्य सार्वजनिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी,जिसे तापकर लोग ठंड दूर कर सकेंगे। दिसंबर माह के शुरूवाती दिनो से ही तापमान मे गिरावट देखी जा रही है। नगर पंचायत सी.एम.ओ जावेद खान ने बताया कि पत्थलगांव में शाम होते ही तापमान में गिरावट देखी जा रही है,ठंड को लेकर शाम को बस स्टैंड में राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है,उसके अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानो मे भी अलाव की व्यवस्था करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि सूखे पेड़ों को काटकर नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा लकड़ी का प्रबंध कर राहगीर एवं नागरिको के लिए व्यवस्था की जा रही है।

## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़, 3 दिसम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज दिल्ली पब्लिक स्कूल रायगढ़ में बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग होने के लिए कानूनी जानकारी में घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ (सी बाक्स में शिकायत), मानव तस्करी, बाल विवाह, साईबर अपराध, महिला हेल्प लाईन, सखी वन स्टॉप सेंटर आदि के विषय में जानकारी देते हुए स्वयं के प्रति समझदारी व जिम्मेदारी के साथ जागरूक होने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती चैताली राय, महिला संरक्षण अधिकारी, श्रीमती विनिता गुप्ता केन्द्र प्रशासक, श्रीमती सरिता श्रीवास्तव जेण्डर विशेषज्ञ एवं चन्द्रकला वर्मा, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने फहराया परचम



**रायगढ़, 3 दिसम्बर।** माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने उसे पोषित करने एवं शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में कला उत्सव का विषय वस्तु विकसित भारतवर्ष-2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। कला उत्सव स्कूलों में उत्सव की वह पहल है जो प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। यह प्रतियोगिता जिला/ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है।

रायगढ़ जिले में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री के व्ही राव तथा जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में पूरे उत्साह के साथ पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कला उत्सव में रायगढ़ जिले के 07 विकास खंडों से लगभग 65 बच्चों ने अपनी सहभागिता विभिन्न प्रतियोगिता में दर्ज कराई। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीपीओ श्री आलोक स्वर्णकार ने बताया कि विकासखंड से चयनित बच्चे जिला स्तर पर अपनी सहभागिता उत्कृष्टता के साथ दर्ज कराया। जिला स्तर में चयनित सभी विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की रायपुर में आयोजित होनी है जिसमें अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। आज आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संगीत गायन एकल एवं समूह प्रस्तुति जिसमें शास्त्रीय, पारंपरिक भक्ति, समूह गान तथा लोक आदिवासी भक्ति एवं देश भक्ति गीतों से संबंधित रही। संगीत वादन में एकल एवं समूह प्रस्तुति जो कि शास्त्रीय, लोक, वाद्य, आर्केस्ट्रा समूह लोक एवं शास्त्रीय स्तर की रही, जो कि शास्त्री लोक, जनजातीय एवं गैर फिल्मी स्तर की थी।नाटक प्रतियोगिता एकल मोनो एक्ट मिमिक्री माइम रही। दृश्य कला में चित्रकला, चित्रकारी, स्वदेशी खिलौने, कार्टून एवं कैरीकेचर, स्वदेशी खिलौने, स्थानीय शिल्प पर आधारित थे। पारंपरिक कहानी वाचन में बच्चों की कहानी वाचन कला को आंकलन किया गया। उपरोक्त 6 विधाओं के लिए जिले के 18 विशेषज्ञों के माध्यम से प्रदर्शन के बाद उनकी कला का आंकलन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कला एवं शिक्षा जब दोनों साथ-साथ चलते हैं तब बच्चन का संपूर्ण विकास संभव हो पाता है तथा हमारे अंदर अंतर्निहित इन प्रकार की कलाओं के माध्यम से हमें विभिन्न प्रकार के विषम परिस्थिति में मानसिक थकान महसूस नहीं होती। जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और यह एक कला के रूप में जाना जाता है तथा उन्होंने बच्चों से अपनी कला को ईमानदारी से निखारते हुए राज्य में अपनी सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एपीसी श्री भुवनेश्वर पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल, राजकमल पटेल, सौरभ पटेल, वीर सिंह, भूपेश पडा, शैलेंद्र नंदे बेनी, प्रदीप साहनी, विकास मिश्रा, गायत्री स्वर्णकार, यशवंती, अर्चना मैडम मेघा अग्रवाल, सीमा पटेल राजेन्द्र कलेट का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार एवं जिला स्तर से चयनित विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त एकल गायन में कुमारी ख्याति-ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, नृत्य में कुमारी लाइचु-ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, वादन में हर्ष राज सिंह-सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, नाटक में शनि बरेठ-पीएम श्री नटवर स्कूल रायगढ़, दृश्य कला में अमर दास-ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे।

# वैदिक इंटरनेशनल स्कूल के हॉस्टल में 17 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध मौत

**रायगढ़, 3 दिसम्बर।** शहर के कुछ दुरी पर स्थित पटेलपाली के वेदिक इंटरनेशनल स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार सुबह एक 17 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है वह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। जिसके बाद परिजना छात्रा के शव को बीना पीएम कराए गृह ग्राम ले जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मृतिका छात्रा ग्राम पोता, थाना मालखरौदा, जिला सक्ति की निवासी थी। छात्रा की मौत के बाद हाईटेक सुविधाओं और महंगे फीस के लिए मशहूर इस स्कूल की प्रबंधन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। पूरा मामला जुटमिल थाना क्षेत्र के कीइस संबंध में सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह छात्रा फ्रेश होने के लिए बाथरूम गई लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकली। अन्य छात्राओं ने जब देखा कि दरवाजा अंदर से बंद हैए तो प्रबंधन को सूचना दी। दरवाजा खोलने पर छात्रा बाथरूम में बेहोश पड़ी मिली। आनन-फानन में स्कूल प्रबंधन ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचायाए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने बिना कोई ठोस कारण बताए अचानक स्कूल में छुट्टी की घोषणा कर दी। सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षाओं की प्री.बोर्ड परीक्षाएं भी रद्द कर दी गईं।स्कूल प्रबंधन का कहना है कि मालखरौदा क्षेत्र के 12-13 बच्चे यहां पढ़ाई करते हैं आज सुबह छात्रा बाथरूम गई लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकली। अन्य छात्राओं ने जब देखा कि दरवाजा अंदर से बंद हैए तो प्रबंधन को सूचना दी। दरवाजा खोलने पर छात्रा बाथरूम में बेहोश पड़ी मिली। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने इसकी सूचना मृतिका के फूफा व उसके माता पिता को दी। जिसके बाद उसे तत्काल एक नीजि अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा के परिजनों के नीजि अस्पताल से जबरदस्ती बॉडी लेकर अपने गृह ग्राम चले गए हैं।वैदिक इंटरनेशनल स्कूल शहर के सबसे प्रतिष्ठित और महंगे स्कूलों में से एक है। बावजूद इसके इस प्रकार की लापरवाही का सामने आना प्रबंधन की कार्यशैली पर बड़ा धब्बा है। घटना के बाद से अभिभावकों और शहरवासियों में रोष है। लोग स्कूल प्रबंधन से स्पष्ट जवाब की मांग कर रहे हैं। यह घटना स्कूल के प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करती है।इस संबंध में जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि छात्रा के शव को गृह ग्राम उनके परिजन ले जा रहे हैं। जूटमिल पुलिस ने मालखरौदा थाने में सूचना दी है और थाने की टीम भी मालखरौदा रवाना हो रही है। टीआई ने कहा कि मैं और मेरी टीम वैदिक इंटरनेशनल स्कूल जांच और पूछताछ के लिए जाएंगे वहां हर एंगल से पूछताछ की जाएगी।

# ध्वनि प्रदुषण के यंत्र बेचने वाले दुकानदारों पर नही हो रही कार्रवाई



**पत्थलगांव, 3 नवंबर।** दुपहिया वाहन के सायलेंसर मे तरह-तरह के यंत्र लगाकर ध्वनि प्रदुषण फैलाने वाले वाहन चालको को पुलिस का भय ना रहने के कारण इन दिनो शाम ढलते ही शहर के वातावरण मे ध्वनि प्रदुषण बढने लगा है। मजे की बात यह है कि वाहन चालको के अलावा पुलिस ने कभी भी ध्वनि प्रदुषण फैलाने वाले यंत्र की बिक्री करने वाले दुकानदारो पर भी कार्यवाही नही की। यही कारण है कि अब शाम ढलते ही शहर के गली मौहल्लो मे तेज रफ्तार दुपहिया वाहन की ध्वनि से आम नागरिको की परेशानी काफी बढ गयी है। शहर की अधिकांश मोटर पार्टस दुकान मे इन दिनो तरह-तरह के ध्वनि प्रदुषित करने वाले यंत्रो की बिक्री जोरो पर है। सायलेंसर मे लगाकर इन यंत्रो से दुपहिया वाहन चालक तरह-तरह की ध्वनि निकाल रहे है,जिसकी तेज आवाज के कारण आम नागरिको को शहर की सडको मे चलना काफी दुष्वार हो चुका है। सायलेंसर खोलकर ध्वनि प्रदुषित करने वाले अनेक दुपहिया वाहन चालक यहा शाम ढलते ही अपनी वाहन फर्राटे से दौडाने लगते है। उसके अलावा अब नये-नये गैजेट मार्केट मे आने से तरह-तरह की ध्वनि कानो मे सुनायी देने लगी है। इन दिनो यहा के लोग यंत्रो की तेज ध्वनि से काफी परेशान है। दुपहिया वाहन का सामान बेचने वाले दुकानदारो के यहा ऐसे यंत्र आसानी से मिल जा रहे है,इन यंत्रो को अधिकांश युवा वर्ग के दुपहिया वाहन चालक अपनी वाहन मे लगा रहे है,इन युवको द्वारा शाम ढलते ही अपनी वाहन से शहर की सडको मे तरह-तरह की आवाज निकालकर आम नागरिको को परेशान किया जा रहा है,परंतु अब तक ऐसे वाहन चालक या फिर ध्वनि प्रदुषित करने वाले यंत्रो की बिक्री करने वाले दुकानदारो पर किसी तरह की कार्यवाही नही की गयी है।।

--ध्वनि प्रदुषण एक्ट की धारा के तहत वाहन चालक एवं ध्वनि प्रदुषण फैलाने वाले यंत्र की बिक्री करने वाले दुकानदारो पर भी जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**विनीत पांडे-थाना प्रभारी पत्थलगांव**

# कमांडर सहित 3 माओवादी गिरफ्तार





**बीजापुर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् दिनांक 01/12/2024 को थाना मिरतुर एवं 15/ई कंपनी छसबल चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोण्डा, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी । एरिया डॉमिनेशन पश्चात वापसी के दौरान पाटलीगुड़ा पुलिया के पास 02 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हे पुलिस पार्टी द्वारा पकड़ कर पास रखे थैला की चेकिंग करने पर थैला से 05 किग्रा का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर बरामद किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा मौके पर ही विधिक कार्यवाही करते हुए मय विस्फोटक के 02 माओवादी जन मिलिशया सदस्य को अपने हिरासत में लिया गया। 1.सुरेश कारम (जन मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 कोसा कारम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर 2.राजेश माड़वी (जन मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 मंगू माड़वी उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी हुर्रेपाल थाना मिरतुर थाना नेलसनार की टीम द्वारा बोदली मरी नदी के किनारे से 01 माओवादी जनताना सरकार सदस्य/सीएनएम कमाण्डर दशरथ हेमला पिता वेल्ला ऊर्फ मंगू उम्र 29 वर्ष निवासी फुलादी कुंजामपारा थाना मिरतुर को पकड़ा गया। पकड़ा गया माओवादी दिनांक 17/04/20198 को नगर सैनिक राजूराम गोंदे की हत्या में शामिल था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10.00 हजार रुपए का ईनाम उद्घोषित है। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना मिरतुर एवं नेलसनार में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# ग्राम बंदेपर्रे के लोगों के घरों में मिलने लगा पीने का पानी



**बीजापुर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बंदेपर्रे विकासखण्ड भैरमगढ़ के समीप लगा हुआ है, ग्राम बंदेपर्रे ग्राम पंचायत उसकापटनम का आश्रित ग्राम है। यह ग्राम जिला मुख्यालय से लगभग 60-65 कि.मी. दूरी पर स्थित है, इस ग्राम में 11 हैण्डपंप संचालित है इन्ही हैण्डपंपों के माध्यम से ग्राम के 79 परिवारों को पेयजल की सुविधा प्राप्त होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सिंगल विलेज आधारित 3 सोलरों के माध्यम से 19.37 लाख रू. के लागत से ग्राम के 79 घरों पर शुद्ध पेजयल प्रदाय हो रहा है।बंदेपर्रे में आयोजित ग्रामसभा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया एवं योजना के निरंतर संचालन-संधारण और प्रबंधन के लिए ग्रामीणों को जानकारी प्रदाय किया, और ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग और नल कनेक्शन के सही रख-रखाव के लिए प्रेरित किया गया।

# सेना भर्ती रैली 04 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में रैली में शामिल होंगे 8556 युवा

**बीजापुर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 04 से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलो के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए सभी श्रेणियों की भर्ती का आयोजन किया जा रहा है।रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था और अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन ष्टश्वश्व का आयोजन किया गया था । ऑनलाइन ष्टश्वश्व का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया था और शार्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था ।उम्मीदवारों को रैली एडमिट कार्ड में दी गई तारीख और समय पर रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के गेट पर रिपोर्ट करना है। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, 8वीं, 10वीं, 12वीं, व स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट और जे आई ए और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर लेकर आना है। सबसे ज्यादा उम्मीदवार जो ऑनलाइन परीक्षा पास करके सेना भर्ती रैली में भाग लेंगे वह जिला बालोद और जांजगीर चांपा जिले के है ।जिला प्रशासन की ओर से उम्मीदवारों के लिए रुकने व रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।भर्ती कार्यालय द्वारा सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि जालसाजों से सावधान रहें । भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है।

# प्रसव महिला को खाट में लादकर नदी नाले पाकर पहुंचाया एम्बुलेंस के पास



**बीजापुर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के उसूर ब्लाक के अंदरूनी व संवेदनशील गांव बोगला नदीपारा मे रहने वाली प्रसव महिला को युवकओं ने खाट में लादकर नदी नाले पाकर एम्बुलेस तक पहुंचाया गया।मिली जानकारी के मुताबिक उसूर ब्लाक के गांव बोगला नदीपारा मे रहने वाली महिला मडकम मंगो पति मडकम अंदो उम्र 20 वर्ष को रविवार की सुबह प्रसव पीडा से अहसाय महसूस कर रही थी। प्रसव महिला ने आंगनबाडी कार्यकर्ता को प्रसव पीडा के बारे बताया ।जिसके बाद बोगला की आंगनबाडी कार्यकर्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली फोन कर इसकी जानकारी दी। वहीं पति मडकम अंदो ने अपने गांव के कुछ युवाओं से मदद मांगी और युवाओं ने मदद करते हुए तत्काल खाट में लादकर नदी नाले पार कर एंबुलेंस तक पहुंचाया गया।खबर लिखे जाने तक महिला को आवापल्ली अस्पताल पहुंचा दिया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा है और अब वह खतरे से बाहर है।

## शिक्षा के साथ स्कूली बच्चों को खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने की पहल

**बीजापुर, 3 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज नगरपालिका पार्षद जितेंद्र हेमला ने नगरपालिका क्षेत्र के मांझी पारा मे संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला एंव कडेनार बालक आश्रम पहुंच कर बच्चों से भेंट की और उन्हें फुटबॉल क्रिकेट वालीवाल रस्सी कूद बैडमिंटन किट और लूडो आदि खेल सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान किया इस अवसर पर बच्चों के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाये मे रामचंद्र लाटकर श्रीमती सुनीता हाई श्रीमती दीप्ति कंवर श्रीमती तहमीना खान रमेश कंवर यामिनी बंजारे भामनी झाडी गडेंद्र बारियह मौजूद थे इस मौके पर बच्चों ने खेल सामग्री प्रदान करने पर पार्षद जी का आभार जताया।



# एड्स पीड़ित के प्रति सहानुभूति रखने की जरूरत है : डॉ. शैलेन्द्र साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 3 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुश्री नेहा साहू सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने एचआईवी एड्स पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि एड्स एक लाइलाज़ बीमारी है इससे केवल सावधानी से ही बचा जा सकता है। उन्होंने एचआईवी पॉजिटिव और एड्स फैलने के कारणों यथा एचआईवी पॉजिटिव से संक्रमित सूई, एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति के खून लेने, असुरक्षित यौन संबंध बनाने एवं एचआईवी एड्स से संक्रमित माता के गर्भ में पल रहे बच्चे को एड्स की बीमारी हो सकती है। उन्होंने विश्व स्तर पर एचआईवी एड्स से पीड़ित पाए जाने वाले यूएसए से लेकर वर्तमान समय में एड्स रोगियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एड्स रोगियों के ईलाज हेतु दवाएं तैयार की गई हैं किन्तु अभी तक कारगर सिद्ध नहीं हो पाया है। सुश्री प्रीति साहू सहायक प्राध्यापक रसायन ने एड्स पीड़ित व्यक्ति के लक्षण पर जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति को सर्दी खांसी और बुखार लगातार बना रहता है। प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार साहू ने समाज में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता लाने हेतु युवा पीढ़ी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति को समाज में भयमुक्त और जीजिविषा प्रदान करने के लिए उनके साथ सहानुभूति, स्नेह और आत्मविश्वास बढ़ाने जैसे व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि वह अपनी बाकी जिंदगी अच्छे से जी सके। उनके साथ रहने, खाने, हाथ मिलाने जैसे क्रियाकलाप से एचआईवी एड्स नहीं फैलता है इस बात से समाज को अवगत कराना है।



इस अवसर पर एचआईवी एड्स से संबंधित रंगोली, निबंध, पोस्टर आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में भावना बीएससी प्रथम, दामिनी बीए भाग तीन, साक्षी साहू बीएससी भाग तीन ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में उर्मिला, पुष्पलता बीएससी भाग तीन, देविका व दीपिका बीएससी भाग दो ने रंगोली के माध्यम से अनुकरणीय व उल्लेखनीय संदेश दिया और स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता, नंदिनी, रश्मि, उमेश्वरी व वर्षा बी एससी द्वितीय ने एचआईवी एड्स पर उत्कृष्ट पोस्टर का प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त समस्त छात्र छात्राओं को प्रतीक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को गति प्रदान करने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एम एस साहू, ऐमेश्वरी पीढ़ी, उषा साहू, अंजु कुर्रे, एस के साहू तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम का संचालन डेविड सिन्हा बी ए प्रथम ने किया तथा आभार प्रदर्शन टी के साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया।

## समाचार संक्षेप

### प्रसव पीड़िता को तत्काल अस्पताल पहुंचने वाले 4 पुलिसकर्मी सम्मानित



**बलौदाबाजार, 3 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लगभग एक माह पहले ग्राम बलौदी थाना पलारी निवासी प्रसव पीड़ा से व्याकुल एक महिला को उचित इलाज हेतु बलौदाबाजार अपने परिवार सहित एक बोलेरो वाहन में लाया जा रहा थे। कि इसी बीच ग्राम सकरी के पास उक्त बोलेरो वाहन का एक्सीडेंट हो गया। इस समय प्रसव पीड़िता महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाना अत्यंत आवश्यक था। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली को उक्त एक्सीडेंट की सूचना मिली। तत्पश्चात थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग टीम स्टाफ प्रधान आरक्षक मन्नू लाल ध्रुव, आरक्षक अकरम खान, आरक्षक तुलेश्वर डडसेना एवं आरक्षक मोहन जांगडे तत्काल पेट्रोलिंग वाहन के साथ घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल में बोलेरो वाहन का एक्सीडेंट हुआ था, जो की चलने लायक बिल्कुल नहीं था। तत्पश्चात पुलिस स्टाफ द्वारा बिना समय गंवाए पेट्रोलिंग वाहन में प्रसव पीड़िता एवं उनके परिवार के सदस्यों को बैठाकर तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया, जहां प्रसव पीड़िता का इलाज प्रारंभ किया गया तथा दूसरे दिन प्रसव पीडिता द्वारा एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया गया। अस्पताल में मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। पूरी तत्परता के साथ, प्रसव पीड़िता महिला एवं उसके परिवार की मदद कर उन्हें अस्पताल पहुंचाने के इस परोपकारी कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए 2 दिसम्बर को सायं पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रभारी सचिव ने नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा कर प्रशासन व पुलिस के प्रयासों की प्रशंसा की



बलौदाबाजार, 2 दिसंबर 2024/जिले के प्रभारी सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा की। इस मौके पर जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, पुलिस नोडल अधिकारी एश्वर्य चंद्राकर सहित अन्य संबधित अधिकारी जुड़े रहे। इस दौरान प्रभारी सचिव ने जिले में नशा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर एसपी को दिए है। इसके साथ आम लोगो को नशा के खिलाफ जागरूक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए है। प्रभारी सचिव ने रेल्वे स्टेशन, नशा मुक्त पंचायत, नशा के खिलाफ गुप्त सूचनाओं को मजबूत करने, फैक्ट्री के प्रबंधकों को भी नशा मुक्ति अभियान में जोड़ने, शैक्षणिक परिसरों के आस पास 100 मीटर तक टोबैको फ्री करने के निर्देश दिए है। प्रभारी सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल जिला प्रशासन के नवाचार नई दिशा अभियान एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चलाएं जा रहे निजात अभियान की खुले मन से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरे रायपुर संभाग में नशा मुक्ति अभियान में आपके जिला सबसे बेहतर कार्य कर रहा। आपको यही नहीं रुकना है और बेहतर कार्य आपको करना है ताकि प्रदेश में बलौदाबाजार भाटापारा जिला नशा मुक्ति में रोल मॉडल बन सके। इसके साथ प्रभारी सचिव ने सभी समन्वय अधिकारियों के साथ वन टू वन जानकारी लिया। इस दौरान कलेक्टर सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा चलाएं जा रहे है नई दिशा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी.उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में अभी तक कुल 25 कार्यशाला स्कूल कॉलेज में किया गया है जिसमें 3000 को नशा से बचाव सम्बंधित जानकारी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत संचालित नशा मुक्ति केंद्र के विस्तार योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इसी तरह पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा नशा के खिलाफ चलाई जा रही सख्त कार्रवाई एवं निजात अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की।इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, समाज कल्याण उपसंचालक अरविंद गेडाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टी जाटवर, सीएचएमओ डॉ अवस्थी, डीईओ हिमांशु भारती सहित सामाजिक कार्यकर्ता ममता शर्मा उपस्थित रही।

■ **नशा के खिलाफ सख्त कार्रवाई सहित आम लोगों को जागरूक करने के दिए निर्देश : परदेशी सिद्धार्थ कोमल**

## एक नजर

### अंचल के किसानों को टोकन कटाने में हो रही परेशानी

**छुरा, 3 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं



युवा नेता पुनितराम ठाकुर ने बताया कि, समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानों को समितियों के चक्कर से बचाने टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप्प की सुविधा दी गई है लेकिन सर्वर डाउन होने और एप्प में तकनीकी समस्या के कारण अंचल के किसानों को टोकन काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। विदित हो कि किसान टोकन एप्प में टोकन कटना सुबह 9:30 बजे शुरू होता है प्रारंभ में एप्प खुलता ही नहीं और अगर कनेक्ट होता भी है तो कुछ ही क्षणों में खरीदी की सीमा समाप्त होने का संदेश आता है।खरीदी की लिमिट के कारण इस एप्प से टोकन किसानों के हाथों नहीं पहुंच रहा है। अधिकांश टोकन मोबाइल एप्प से जारी किए जा रहे हैं।शासन द्वारा देरी से धान खरीदी शुरू करने के कारण टोकन के लिए होड़ मच रही है।वहीं अधिकतर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले किसानों के पास एंड्रॉयड फोन होने के बाद भी उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की समझ नहीं होने की वजह से टोकन कटवाने के लिए चॉइस सेंटर का चक्कर लगाना पड़ रहा हैं।

### वीरभूमि सोनाखान में शहादत दिवस समारोह 8 दिसम्बर से

**बलौदाबाजार, 3 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रति वर्ष क़ी भांति इस वर्ष भी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर वीरभूमि सोनाखान में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। 8 से 10 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारी हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को अधिकारियों क़ी बैठक लेकर समीक्षा क़ी.उन्होंने समारोह के सफल आयोजन हेतु तैयारी के लिए सम्बंधित अधिकारियों को जीम्मेदारी सौंपी और समय- सीमा में तैयारी पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सोनाखान आगमन प्रस्तावित है जिसमें शहीद स्मारक स्थल में अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि, मंचीय कार्यक्रम एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। कलेक्टर ने हेलीपेड निर्माण, मंच निर्माण तथा पंडाल हेतु लोक निर्माण विभाग, बॉस बल्ली हेतु वन विभाग, साफ-सफाई हेतु नगर पंचायत कसडोल, पेयजल हेतु पीएचई, शांति एवं क़ानून व्यवस्था एवं पार्किंग हेतु पुलिस, विद्युत व्यवस्था हेतु सीएसपीडीसीएल, साउंड सिस्टम हेतु ई एंड एम, मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस हेतु स्वास्थ्य विभाग, स्मारक स्थल एवं मेला स्थल में रंग रोगन, मेला में बाहर से आने वाले सामजिक जनों के लिए विश्राम की व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड हेतु आदिवासी विकास विभाग, फूल माला एवं गुलदस्ता हेतु उद्यानिकी, कार्यक्रम की तैयारी क़ी मॉनिटरिंग हेतु एसडीएम गिरोदपुरी को जिम्मेदारी सौंपा।

### रायपुर सांसद ने बनसांकरा में मां महामाया मंदिर के नवनिर्मित भवन व खाद्य भवन किया लोकार्पण

# रायपुर शहर की तर्ज पर लोकसभा क्षेत्र का होगा विकास : बृजमोहन अग्रवाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 3 दिसम्बर।** सरपंच की मांग पर मुख्य मार्ग से ग्राम के चौक तक सड़क निर्माण रंगमंच हेतु 10 लाख रूपए एवं जसगीत सेवा पार्टी के वाद्य यंत्र हेतु 10 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा किया।

आज रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विकासखंड सिमगा के समीपस्थ ग्राम बनसांकरा में मां महामाया मंदिर के नवनिर्मित भवन एवं खाद्य भवन के लोकार्पण अवसर पर पहुंचे जहां सरपंच अभिषेक साहू एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का आतिशबाजी एवं फूलमाला से आत्मीय स्वागत किया। सासंद बृजमोहन अग्रवाल ने सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि आज आपके गांव के आराध्य देवी मां महामाया मंदिर भवन का लोकार्पण हुआ है मां महामाया गांव की हर समस्या का निवारण करेगी। भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही हमारे धार्मिक स्थानों का नवनिर्माण देखरेख करने का पुनीत कार्य होता है। भाजपा सरकार गांव गरीब व किसानों के लिए कार्य करने वाली सरकार है। जंहा हर वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु चिंतन किया जाता है।

कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज माताओं को प्रतिमाह महतारी वदंन योजना से एक एक हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है भाजपा के सरकार जब से छत्तीसगढ़ में बनी है तब से विकास की रफ्तार तेज हुई है। गांव गांव में सड़क, पानी टंकी, सामुदायिक भवन, स्कूल आदि का निर्माण हो रहा है। जितने भी विकास के कार्य हुए हैं या हो रहे वह भाजपा सरकार की देन है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम के सरपंच अभिषेक साहू भाजपा नेता अनिल पांडे पूर्व जनपद अध्यक्ष आनंद यादव जनपद सदस्य थानेश्वर निषाद राकेश तिवारी देवलाल देवांगन राधेश्याम नायक रामखिलावन वर्मा धीरज जैन सचिन जैन अभिजीत अवस्थी छोटू यादव हेमसिंह चौहान नीरज शर्मा फूलबाई धृतलहरे अवधेश शर्मा कौशल वर्मा मनोज साहू माया सलूजा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

## सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस रासेयो स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का किया मनोरंजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 दिसम्बर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने सारागांव के गलियों में स्वच्छता अभियान चला कर जनजागरूकता लाने का प्रयास किया।स्वयंसेवक कु जागृति सोरी, रेश्मा साहू ने बताया कि केंद्र सरकार की पहल, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सात दिवसीय शिविर लगाकर स्वच्छता गतिविधि का आयोजन किये है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ग्रामवासियो के समझ को प्रोत्साहित करना है।

एनएसएस के प्रोग्राम अधिकारी रेखराम कुर्रे एवं सहायक अधिकारी निर्मला यादव ने निवास स्थान के आसपास, नदी, तालाब, जल निकासी नाली, परिसर की स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे गांव व देश को खुशहाल और स्वस्थ रखा जा सकता है। स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता रहने से लोग आदर्श और पृथ्वी की सबसे प्रिय संतान बन सकते हैं। स्वच्छता के महत्व को उनके मस्तिष्क में बैठाकर, स्वयंसेवकों ने बहुत उत्साह और खुशी के साथ गांव के धार्मिक स्थल, हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी, स्कूल परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में भाग लिया। सरपंच गोकुल ध्रुव ने बताया कि छुरा के कचना ध्रुवा कॉलेज़ से पहुंचे एनएसएस शिविरार्थियों ने प्रातः जागरण के साथ 24 घंटो की समयसारणी अनुरूप कार्यभार अपना कर, समय प्रबंधन के साथ-साथ कार्यकुशलता से ग्रामवासियो को प्रेरित कर रहे है। वही साध्यकालीन छत्तीशगढ़ की परंपरा, संस्कृति, का जीवंत मंचन कर, संस्कारो को सृजित करते हुए प्रेरणास्पद अन्धविश्वास व सामाजिक गतिविधियों पर आधारित हास्य नृत्य नाटिका, के माध्यम से मनोरंजन कर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, संस्कार, संस्कृति व पर्यावरण के प्रति सजग कर रहे है। सरपंच ने बताया कि लगभग 100 की संख्या में एन. एस. एस के स्वयं सेवक कॉलेज से सात दिवस के लिए हमारे ग्राम सारागांव पहुंचे है। जिसकी ठहरने की व्यवस्था ग्राम समिति द्वारा, ग्राम पंचायत भवन, महिला संगठन सामुदायिक भवन, एवं सामाजिक भवन में किया गया है। ग्रामवासियो में स्वयं सेवक बच्चों की सेवा कार्य एवं कार्यक्रमो से उत्साह की लहर एवं खुशी का माहौल बनी हुई है।शिविर में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक तरुण निर्मलकर, टी के यदु, विनोद यादव, सुश्री आरती साहू, निर्मला यादव, पुकेश साहू, एवं पूर्व छात्र डॉ लोगेन्द्र ठाकुर, मिथलेश, पोखन ठाकुर, ओंकार कंवर, दाऊलाल निषाद, रेखचन्द साहू, हेमंत ठाकुर, भोगेन्द्र ठाकुर, वेदराम, चंद्रशेखर ध्रुव, निशांत ध्रुवा, ठगेश ध्रुव सहित ग्राम वासियो का विशेष योगदान रहा।



# भाजपा सरकार में हो रहा घर-घर धन लक्ष्मी का आगमन:अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 3 दिसम्बर।** सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत तुलसी में करोड़ों रुपए के विकास कार्य के लोकार्पण एवं भूमि पूजन के कार्यक्रम में पहुंचे रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृज मोहन अग्रवाल व प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का सरपंच एवं ग्राम ग्रामीणों के द्वारा अतिथियों का राऊत नाचा ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।



उपस्थित जनसमूह को सासंद बृजमोहन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आपके सरपंच ने गांव के विकास के लिए जो जो मांग किया उसे हमने पूरा किया है आगे भी जो विकास कार्य की मांग होगी उसे भी पूरा किया जायेगा। पहले आप लोगों अपना धान बेचने के लिए ढेकुना जाना पड़ता था लेकिन अब आप अपने ही ग्राम तुलसी में ही धान खरीदी केन्द्र खोलकर आप लोगों की समस्या का निदान भाजपा सरकार में ही हुआ है। तुलसी ग्राम में बाजार परिसर पानी टंकी सीसी रोड दुर्गा मंच गौरा चौरा जैसे करोड़ों रुपए के विकास कार्य हुए है।

महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं को प्रतिमाह हजार रुपए देने का कार्य भाजपा सरकार ही कर रही है। कमल फूल के सरकार में आज महतारी वदंन योजना से घर घर धनलक्ष्मी आ रही है। फिर क्यों भाजपा की अपेक्षा कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में अधिक वोट मिला आप के सब कार्य भाजपा सरकार करती है जब भी चुनाव हो तब आप लोग कांग्रेस नेताओं से पूछे कि आपको किस आधार पर वोट दिया जाए।

कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव में किए गए विकास कार्यों का लाभ आप सबकों मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम की सरपंच हेमलता तिवारी भाजपा नेता अनिल पांडे आनंद यादव चंद्रमणि तिवारी धीरज जैन अभिजीत अवस्थी हेमसिंह चौहान मोहन साहू हेमंत साहू मनौज चौबे सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202411092100014
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जतिन्दर कौर भाटिया पति गुरजीत सिंह भाटिया, जाति सिक्ख, निवासी वार्ड नंबर 45 पदनाभपुर, दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा मंजीत सिंह पिता गुरूबक्श सिंह जाति सिक्ख निवासी वार्ड नंबर 11 डोंगरगढ़ के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 1987/4 क्षेत्रफल 951 वर्गफुट को पंजीकृत उप पंजीयक डोंगरगढ़ के द्वारा 07/08/2024 को क्रय किया हूं। आवेदक उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण करवाना चाहता है। नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 06/12/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202411095300027
अ/6 (अ)-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप साहू पिता दशरू साहू जाति तेली निवासी पंच आनंद मोहल्ला राम मंदिर के पास जमशेदपुर द्वारा ग्राम सहसपुर पटवारी हल्का नं. 06 में स्थित कृषि भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.562 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। किन्तु उक्त भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज है किन्तु जाति का वर्ग दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा जाति का वर्ग दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1 अधिकार अभिलेख की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202411095300026
अ/6 (अ) वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैया साहू पिता दशरू साहू जाति तेली निवासी डबरा पारा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सहसपुर पटवारी हल्का नं. 06 में स्थित कृषि भूमि कुल खसरा 005 कुल रकबा 0.846 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। किन्तु उक्त भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज है किन्तु जाति सामान्य वर्ग दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा जाति का वर्ग दर्ज कराने सामान्य को विलोपित करने बाबत् आवेदन पत्र, नक्शा, खसरा, बी-1 अधिकार अभिलेख की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com

ज्ञापन क्रमांक 4622/सा./27-23/13 कांकेर, दिनांक. 29/11/2024

**मूल्य कथनांक (Quotation) आमंत्रण**

मण्डल कार्यालय कांकेर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए व्ही.आई.पी. कार्यक्रम एवं विभिन्न शासकीय आयोजन में उपयोग होने वाले टेंट पण्डाल एवं अन्य सामग्रियों के दर निर्धारण हेतु मुहर बंद मूल्य कथनांक (Quotation) दिनांक 31.12.2024 को शाम 5 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से आमंत्रित किया जाता है। मूल्य कथनांक (Quotation) दिनांक 1.01.2025 को उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 3 बजे खोला जावेगा।

**नियम एवं शर्तें:-**

1. प्रस्तुत दर कांकेर मण्डलाधीन समस्त संभागों में संपादित किए जाने वाले कार्यक्रमों हेतु लागू होगी।
2. प्रस्तुत दर सामग्रियों के परिवहन, टेंट लगाने/निकालने एवं स्थान साफ करने सहित सभी करों, चुंगी इत्यादि मिलाकर होगी। प्रस्तुत दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी भुगतान मान्य नहीं होगा।
3. टेंट हाउस सामग्री का किराया भुगतान प्रति युनिट/प्रति दिन (24 घंटे) के मान से ही किया जावेगा, भले ही टेंट स्थापना में एक दिन से अधिक का समय लगे। केवल ऐसी स्थिति में जबकि शासकीय कार्यक्रम एक दिन से अधिक के लिए निर्धारित हो एवं प्रथम पक्षकार द्वारा निर्दिष्ट रूप से एक से अधिक दिन के लिए टेंट सामग्री मांग की लिखित सूचना दी गई हो, की स्थिति में ही मांग किए गए समय के अनुसार, अतिरिक्त दिनों का की गणना, जो कि दूसरे दिन के लिए किराया दैनिक दर का पचास प्रतिशत एवं दो से अधिक दिन होने पर दैनिक दर का 25 प्रतिशत के अनुसार भुगतान की जावेगी।
4. प्रस्तुत दर के साथ टेंट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना हक एवं लाइसेंस की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. प्रस्तुत दर के साथ जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. प्रस्तुत किए जाने वाले सामग्रियों की सूची तथा अन्य नियम एवं शर्तें मण्डल कार्यालय कांकेर एवं अधीनस्थ समस्त संभागीय कार्यालयों से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जी-242504246/4

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल-कांकेर**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26